तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




अशोकनगर की सड़क पर गड्ढे, हो रही दुर्घटनाएं।

## जिले में 99 हजार मीट्रिक टन धान की हो चुकी खरीदी



### धान खरीदी केंद्रों में दिखने लगी 'हरियाली'

**बिलासपुर।** धान खरीदी केंद्रों में अब हरियाली नजर आने लगी है। गनियारी धान खरीदी केंद्र में समिति के द्वारा धान के स्टैक एकदम व्यवस्थित तरीके से लगाए गए हैं, जो देखने में ही काफी आकर्षक लग रहे हैं। पंद्रह नवंबर से प्रारंभ की गई धान खरीदी के शुरूआती दौर में उपार्जन केंद्रों में धान की आवक भले ही कमजोर रही हो, लेकिन अब इसकी रफ्तार तेज हो चुकी है। इतनी तेज कि किसानों को टोकन प्राप्त करने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ रही है। चूंकि प्रत्येक खरीदी केंद्र की लिमिट तय है, जिससे कई किसानों को टोकन प्राप्त नहीं हो पाने के कारण निराशा भी हो रही है। शुक्रवार की स्थिति में जिले में 99 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

## खबर संक्षेप

### पंजाबी संस्था का स्थापना माह महोत्सव आज

**बिलासपुर।** समाजसेवी संगठन पंजाबी संस्था और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था के संयुक्त तत्वावधान में स्थापना माह महोत्सव की रविवार 7 अक्टूबर को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ शुरुआत होगी। यह स्वास्थ्य शिविर पंजाबी भवन ईमलीपारा में आयोजित है। संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ ने बताया कि 28 दिसंबर को संस्था की स्थापना का गौरवशाली 59वां वर्ष पूर्ण हो रहा है। इस मौके पर स्थापना माह महोत्सव मनाया जा रहा है। पंजाबी संस्था द्वारा स्थापना दिवस के पहले सामाजिक उत्थान के कार्यक्रम "स्वास्थ्य-सभी के लिए" के तहत रविवार 7 दिसम्बर को पंजाबी भवन, ईमलीपारा में मुफ्त हेल्थ कैंप आयोजित किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक होने वाले इस हेल्थ कैंप में सर्व-समाज के लिए बिना किसी खर्च के स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी। शिविर में डॉ राकेश सहगल, डॉ अमित दुआ, डॉ राकेश जुनेजा व डॉ मानसी क्षेत्रपाल, डॉ अंकुर ठकराल और डॉ प्राची ठकराल, डॉ अनुश्री तथा डॉ अंकित ठकराल मौजूद रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष ने सर्व समाज के लोगों से स्वास्थ्य शिविर में भाग लेकर चिकित्सकीय सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

### दोपहर में कांपने लगे लोग, पारा 2 डिग्री गिरा

**बिलासपुर।** दिसंबर की सर्द हवाएं लोगों को कांपने के लिए मजबूर कर रही है। सीजन में पहली बार 1 ही दिन में 2 डिग्री तापमान नीचे गिर गया और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री दर्ज किया गया, यहीं वजह है कि दोपहर में ठंड महसूस हो रही थी। ठंडी हवा चलने से लोगों की कंपकपी छूटने लगी है। शनिवार को धूप निकलने पर लोगों को लगा कि उन्हें राहत मिलेगी, लेकिन बहुत ज्यादा राहत नहीं मिली। ठंडी हवा चलने से धूप का असर कम रहा और ठंड महसूस होने लगी। दोपहर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज हुआ। एक दिन पहले यानी शुक्रवार को 14.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। यानी 2 डिग्री की गिरावट हो चुकी है। रात का तापमान धीरे-धीरे कम हो रहा है। सुबह के समय हर इलाकों में कोहरा छाया रहता है, खास कर सुबह 4 बजे मार्निंग वॉक पर जाने वालों को स्ट्रीट लाइट की रोशनी में कोहरा दिखाई दे रहा है। विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले तीन दिनों में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। यानी विक्षोभ ठंड से थोड़ी राहत दिलवा सकता है।

### पेड़ों की डंगाल छांटने 4 घंटे बंद रही बिजली



**बिलासपुर।** इंदू चौक सबस्टेशन के अंतर्गत निकलने वाली बिजली लाइनों में शनिवार को मेंटनेंस किया गया। इस दौरान सड़कों के किनारों पर पेड़ों की डंगाल काटी गई। वहीं छटाई के दौरान करीब दर्जन भर इलाकों में बिजली बंद रही। शनिवार को सुबह 11 से 3 बजे तक बिजली बंद कर मेंटनेंस किया गया। इस दैरान टेलीफोन एक्सचेंज फीडर, जेल रोड फीडर, नेहरू चौक फीडर सहित अन्य एचटी कनेक्शन बंद रहे। फीडर की सप्लाई बाधित रहने के कारण मगरपारा, इंदू चौक, शीला टॉवर,अग्रसेन चौक, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, जय पाल टॉवर, एलआईसी आफिस, सिल्वर ऑक, जेबी इन होटल, सेंट्रल जेल,फूल चौक, जीडीसी कालेज, बर्जेस सकूल, मंदिर चौक, मढ़रिया गली, कलेक्ट्रोरेट और एसपी कार्यालय के आसपास की बिजली बंद रही। करीब 4 घंटें के बाद बिजली सप्लाई नार्मल की जा सकी।

### रात 1 बजे 27 खोली चौक पर बड़ा हादसा, दुकान की तोड़ दी दीवार

## 160 की रफ्तार से नशेड़ी स्कार्पियो चालक ने दो कार, एक बाइक को टक्कर मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात 1 बजे नशे में धुत स्कार्पियो चालक ने 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए 27 खोली चौक पर स्कूटी सवार को बचाने के फेर में सड़क किनारे खड़ी दो कार, एक बाइक को टक्कर मारी, उसके बाद स्कार्पियो एक दुकान में घुसा दी, जिससे दुकान की दीवार टूट गई। हादसे में सभी वाहनों को परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने स्कार्पियो जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि शुक्रवार की रात 1 बजे मुंगेलीनाका से उसलापुर की ओर जा रहे स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 सीबी, 8777 का चालक परिजात कैसल निवासी जयंत जोशी नशे में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चलाते जा रहा था। 27 खोली चौक पर अचानक स्कूटी सवार के सामने आने पर उसे बचाने के फेर में सड़क किनारे खड़ी इंडिका क्रमांक सीजी 10 एफ, 2742, अल्टो कार क्रमांक सीजी 10 एजे, 2969 व पल्सर क्रमांक सीजी 06 जीडब्ल्यू, 2318 को टक्कर मारते हुए पवन अग्रवाल की दुकान में कार घुसा दी, जिससे उनकी दुकान की एक ओर की दीवार टूट गई। हादसे में स्कर्पियो सहित तीनों कार व पल्सर के परखच्चे उड़ गए। कार में चालक सहित दो लोग सवार थे और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई, गाड़ी की जांच करने पर उसके स्पीडोमीटर का कांटा 160 पर अटका मिला। स्कार्पियो सहित चालक को थाने लाकर मुलाहिजा कराया गया, जिसमें उसके शराब पीने की पुष्टि की गई है। पुलिस ने इंडिका कार संचालक सोनबंधा तखतपुर निवासी अमन कुमार अनंत की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 281 व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 185 के तहत कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।



### नशे में लगातार हो रहे हादसे

शहर के अंदर शराब पीकर गाड़ी चलाने से लगातार हादसे हो रहे हैं। पूर्व में लाल खदान चौक पर नशे में कार सवार ने पैदल घूम रहे छात्र को कुचल दिया था। वहीं मैग्नेटो मॉल के पास नशे में कार चालक ने पैदल जा रही महिलाओं को टक्कर मारते हुए कार पलटा दी थी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी। वहीं गर्ल्स कालेज के पास नशे में कार चालक ने सड़क किनारे खड़े छात्राओं को टक्कर मारते हुए कार पेड़ में घुसा दिया था। हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई थी।



आरोपी



मौके पर उपस्थित भीड़।

### बड़ा हादसा टला

हर रोज सुबह से रात 11 बजे तक 27 खोली चौक पर ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है, बड़ी संख्या में लोग चौक पर खड़े होकर बातचीत करते रहते हैं और पैदल घूमने वालों की संख्या में अधिक रहती है। देर रात हादसा होने से बड़ा हादसा टल गया है। दो तीन घण्टे पहले हादसा होता तो कई लोग बेकाबू कार के शिकार हो जाते।

### 15 दिन पहले खरीदी थी स्कार्पियो

दुघर्टनाकारित स्कार्पियो को मालिक ने 20 नवंबर को खरीदा था। बताया जाता है जयंत जोशी रिश्तेदारों को छोड़ने के लिए जांजगीर गए और लौटते समय रास्ते में दोस्त के शराब सेवन कर लिया। हादसे में नई स्कार्पियो के सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गए हैं और टायर फट गया है।

## रोजी मजदूरी करने वाले के घर मिले 14 लाख रुपए

**बिलासपुर।** पुलिस ने एकाएक अनाप शनाप मोटी रकम खर्च कर अय्याशी करने वाले अटल आवास में किराए के मकान में रहकर रोजी मजदूरी करने वाले के घर में छापा मारा। तलाशी लेने से आलमारी में नोटों के बंडल से भरा थैला मिला। थैले में 14 लाख रुपए रखे हुए थे। पुलिस मजदूर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ईडी के छापे के डर से ओहदेदारों द्वारा उक्त रकम मजदूर के घर में छिपाने की आशंका जताई जा रही है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि शनिवार की शाम सूचना मिली दयालंबद मुधबन अटल आवास में किराए के मकान में रहकर रोजी मजदूरी करने वाला विजेन्द्र बैस अचानक अनाप शनाप खर्च कर रहा है। दूसरों से मांगकर शराब पीने वाला लोगों को शराब पिलाकर अय्याशी कर रहा है। सूचना को प्रमुखता से लेते हुए श्री राठौर ने स्टाफ के साथ विजेन्द्र बैस के घर में दबिश दी। पूछताछ करने पर वह पुलिस को गुमराह कर रहा था। तलाशी लेने पर आलमारी में 500 - 500 के नोटों के बंडल मिले। थैला निकालकर गिनने पर उसमें 14 लाख रुपए मिले। पुलिस ने नोटों की थैला सहित विजेन्द्र बैस को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ करने पर वह नोटों से भरा थैला पत्नी के द्वारा लाना बता रहा है। उसकी पत्नी लोगों के घरों में साफ सफाई का काम करती है। नोटो के थैले सहित पति के पकड़े जाने पर उसकी पत्नी भाग खड़ी हुई है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि उसकी पत्नी लोगों के घरों में काम करती है। किसी ओहदेदार व्यक्ति ने छापे के डर से उसे रुपया रखा दिया होगा। महिला के पकड़े जाने के बाद 14 लाख रुपए से भैरे थैले के रहस्य का पर्दाफाश हो पाएगा। टीआई श्री राठौर ने बताया, धारा 106 के तहत 14 लाख रुपए जब्त कर लिया गया है।



- ईडी के छापे के डर से ओहदेदार लोगों के द्वारा नौकरानी के घर में छिपाने की आशंका

## करोड़ों की ठगी करने वाले फरार आरोपी ने किया कोर्ट में सरेंडर

**बिलासपुर।** बेरोजगारों को नौकरी लगाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर करोड़ों रुपए की ठगी करने के मामले में फरार आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नंदकुमार शांडिल्य ने रिपोर्ट लिखाई थी। कपिल उर्फ कपिलेश्वर गोस्वामी व उसके साथी ने जांजगीर जिला में आरक्षक के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे 5 लाख 50 हजार रुपए 8 दिसंबर 2024 को लेकर नियुक्ति पत्र दिया था। वे नियुक्ति पत्र लेकर जांजगीर पुलिस अधीक्षक कार्यालय गए तो जांच में नियुक्ति पत्र फर्जी पाया गया था। इसी तरह से उक्त लोगों ने 15 से 20 लोगों बेरोजगार लोगों को फर्जी नियुक्त पत्र थमाकर करोड़ो रुपए की ठगी की गई थी। उक्त मामले में आरोपी पचपेड़ी मानिकचौरी निवासी ऋषि नायक पिता नरोत्तम नायक 31 साल फरार था। पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई थी। फरार आरोपी ऋषि नायक ने शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सूचना पर सिविल लाइन थाना के एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने उसे एक दिन के रिमांड में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। इसके पूर्व में आरोपी कपिलेंश्वर गोस्वामी, गुरू शंकर गोस्वामी, राजेन्द्र पलागे, पुरूषोत्तम तिवारी, संजय दास मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लिया था।





### वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनवाया, निगम ने जारी किया नोटिस

## 3623 भवन मालिकों की सुरक्षा निधि होगी राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वर्षा जल संचय के जरिए गिरते भू जल स्तर को संतुलित करने कि दिशा में नगर निगम ने ठोस कदम उठाया है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने का वादा कर नहीं बनाने वाले 3623 भवन मालिकों की सुरक्षा निधि की राशि को निगम राजसात करने की तैयारी में है। इसके लिए निगम के भवन शाखा ने इन भवन मालिकों को नोटिस भी जारी किया है। संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के समय जमा की गई सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया जाएगा और शासन के निर्देशानुसार प्रति 100 वर्गमीटर पर 1 हजार रुपए प्रति वर्ष शास्ति आरोपित करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा और तब तक वसूला जाएगा जब तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण की सूचना साक्ष्य समेत निगम कार्यालय में नहीं दी जाएगी।

- नहीं बनाने पर प्रति 100 वर्गमीटर पर 1 हजार रुपए शास्ति भी वसूला जाएगा



वर्षा जल संचय और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। 3623 भू स्वामियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण करने की शर्त पर भवन निर्माण की अनुमति प्रदान की गई थी। इसके लिए सुरक्षा निधि जमा कराई गई थी पर भवन अनुज्ञा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अब तक इन भवन मालिकों द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण नहीं किया गया है और ना ही किसी भी प्रकार की सूचना भवन शाखा को दी गई है।

### 1500 वर्गफीट से अधिक भूमि पर अनिवार्य

ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा भूमिगत जल संरक्षण अनिवार्यता प्रक्रिया के अंतर्गत 150 वर्गमीटर से अधिक याने 1500 वर्गफीट से अधिक आकार के भूखण्डों के लिए वर्षा जल संरक्षण हेतु रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किये जाने का प्रावधान किया गया है। जिसके अंतर्गत निकायों द्वारा 150 वर्गमीटर (1500 वर्गफीट से अधिक) से अधिक के भूखण्डों पर भवन निर्माण अनुज्ञा जारी करने के पूर्व, आवेदक से सुरक्षा निधि के रूप में राशि रुपए 110.00 प्रति वर्गमीटर की दर से जमा राशि कराई जाती है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण करा लेने और इसकी लिखित सूचना निकाय कार्यालय को देने पर सुरक्षा निधि वापस कर दी जाती है।

### भवन निर्माण की शर्तों का उल्लंघन

भवन निर्माण की शर्तों का उल्लंघन करने पर इस बार निगम ने सख्त रुख अपनाया है और 2018 से 2022 तक के 1500 वर्गफीट से अधिक भूमि पर निर्माण की अनुमति लेने वाले 3623 भवन मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। विदित है कि प्रदेश में गिरते भू जल स्तर को लेकर राज्य शासन गंभीर हैं और इसे संतुलित करने के लिए राज्य शासन ने सभी निकायों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

### जरूरी है वाटर हार्वेस्टिंग

वाटर हार्वेस्टिंग हमारे आने वाले कल के लिए बेहद जरूरी है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण जल स्तर धीरे-धीरे नीचे की ओर जा रहा है। इसे संतुलित करने सभी को अपने परिसर या घरों में वाटर हार्वेस्टिंग कराना चाहिए। इसके लिए जागरूक होना ही होगा।

**- अमित कुमार,** निगम आयुक्त


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष डा. महंत से जनहित में किए गए आंदोलन पर की चर्चा



**बिलासपुर।** नेता प्रतिपक्ष के रायपुर निवास पर बिलासपुर में जनहित में किए आंदोलन व उसके बाद किए गए एफ़आईआर सहित घटित घटनाओं पर आवश्यक चर्चा उपरांत नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के साथ पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी।

### बिलासा एयरपोर्ट का विस्तार जल्द ही संभव, डिप्टी सीएम ने दिलाया भरोसा



**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने सीएम अरुण साव से मुलाकात कर बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में आ रही बाधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान एयरपोर्ट विस्तार के लिए आवश्यक 290 एकड़ जमीन की वापसी की मांग की है। वहीं 4सी एयरपोर्ट के लिए फंड की मांग की है। समिति ने अरुण साव से आग्रह किया कि जमीन के बदले में केंद्र सरकार को 50 करोड़ रूपए देकर 290 एकड़ जमीन वापस ले जी जाए और एयरपोर्ट प्रबंधन को दी जाए। अनुपूरक बजट में बिलासा एयरपोर्ट को 4सी श्रेणी में बदलने कम से कम 100 करोड़ रुपए का आबंटन की मांग की गई है। वहीं फ्लाइट की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया। समिति ने राज्य सरकार और अलायंस एयर के बीच हुए अनुबंध में संशोधन की भी मांग की है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने एयरपोर्ट के लिए शीघ्र ही कड़े कदम उठाने का भरोसा दिलाया है। श्री साव ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और डीजीसीए से आवश्यक ट्रेनिंग और रिफ्रेशर कोर्स करवाने के निर्देश दिए है। इस दौरान राम शरण यादव, बद्री यादव, देवेंद्र सिंह ठाकुर, समीर अहमद, अशोक भंडारी, सीमा पांडे, रणजीत सिंह खनूजा, संजय सिंह ठाकुर और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

### यादव समाज ने किया लिंगियाडीह तोड़फोड़ का विरोध, धरने का समर्थन



**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा के लिंगियाडीह क्षेत्र में नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे तोड़फोड़ अभियान के विरोध में सर्वदलीय लिंगायड़ीह बचाओं विकास समिति के आह्वान पर अनिश्चितकालीन सांकेतिक शांतिपूर्ण धरना जारी है। यादव समाज ने भी प्रभावित परिवारों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचकर एकजुटता दिखाई है। यादव समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि लिगियाड़ीह में पिछले 50 से 60 वर्षों से रह रहे गरीब परिवारों के घरों और छोटे कारोबारियों की दुकानों को निगम द्वारा तोड़ने की कार्रवाई जनहित के विरुद्ध है। समाज के लोगो का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर वास्तविक उद्देश्य बड़े व्यावसायिक हितों को साधना प्रतीत होता है।जिससे क्षेत्र के साधारण नागरिकों का जीवन कठिन व कष्ट दायक हो रहा है। यादव समाज ने प्रशासन से अपील की है कि लिंगियाडीह क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों का अध्ययन कर योजनाबद्ध और मानवीय तरीके से विकास कार्य किए जाएँ, ताकि जनमानस का विश्वास बना रहे और किसी भी परिवार को विस्थापन की पीड़ा न झेलनी पड़े। इस दौरान समाज के जिलाध्यक्ष अमित यादव, अनिल यादव,आकाश यादव,विक्की यादव,अजय यादव, घुरऊ यादव,संजय यादव,संदीप यादव,अंशू यादव,योगेश यादव,दिपक यादव,सहित समाजिक लोग उपस्थित रहे।

### रमन विश्वविद्यालय ने दुर्गा को दी पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने हिंदी विभाग में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए दुर्गा को पीएचडी की उपाधि



प्रदान की है। इनके शोध का विषय "शिवानी की कहानियों में निहित जीवन मूल्य-एक विमर्श" रहा, जिसे प्रतिष्ठित मार्गदर्शक डॉ. स्नेह लता निर्मलकर के निर्देशन में पूरा किया गया। शोध में जीवन मूल्य क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं, जिनसे भविष्य में नई संभावनाएँ खुलने की उम्मीद है। डॉ. दुर्गा विश्वविद्यालय में ही पदस्थ हैं।

### एड्स दिवस पर जीडीसी की एनसीसी और एनएसएस की छात्राओं ने निकाली रैली




**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा पीजी कन्या महाविद्यालय में वर्ल्ड एड्स दिवस जागरूकता अभियान अंतर्गत कॉलेज की एनसीसी इकाई एवं एनएसएस इकाई द्वारा शहर में महाविद्यालय से फूल बाज़ार चौक तक रैली निकाली गई। इसमें पोस्टर, बैनर व स्लोगन के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। फूल बाज़ार चौक पर एड्स की बीमारी से संबंधित जन जागरूकता के लिए कैडेट अंशु होता द्वारा वाचन किया गया। जिसमे इस बीमारी से जुड़ी भ्रांतियां, बचाव के तरीके एवं एड्स दिवस का महत्व साझा किया गया। कैडेट्स ने एनसीसी क्लैप से उत्साहवर्धन किया। आज हमने ठाना है विश्व को एड्स से बचाना है, जैसे नारों से महाविद्यालय परिसर पहुंचे। यह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस.आर. कमलेश के मार्गदर्शन अंतर्गत सफल हो पाया। सीटीओ ऋचा बंसल, सीनियर कैडेट डॉली नायक, आर्ची सोनी, मनताशा अर्शी आदि समेत 79 कैडेट्स की उपस्थिति रही।

---

**संशोधन होगा या नहीं, व्यवहार न्यायालय तय करेगा** | **पति की मौत के बाद दो पत्नियों के दावे से बढ़ जाती है मुश्किलें**

# दो पति-पत्नियों वाले मामलों में संशोधित डेथ सर्टिफिकेट कोर्ट के आदेश से होंगे जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पति की मौत के बाद रजिस्ट्रार द्वारा पत्नी को डेथ सर्टिफिकेट जारी करने के बाद यदि किसी और महिला के द्वारा पत्नी होने का दावा किया जाता है तो दूसरी महिला के द्वारा पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद भी रजिस्ट्रार संशोधित डेथ सर्टिफिकेट जारी नहीं कर सकेंगे। ऐसे प्रकरणों को व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। कोर्ट के आदेश के अनुसार डेथ सर्टिफिकेट में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकेगा।

मृतक की पत्नी या पति होने का दावा करते हुए रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु से डेथ सर्टिफिकेट प्राप्त करने के कुछ समय बाद अचानक किसी और महिला या पुरुष के द्वारा मृतक का पति या पत्नी होने की बात कहते हुए मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए रजिस्ट्रार के पास पहुंचने के कई मामले मिलते रहे हैं। ऐसे में सर्टिफिकेट जारीकर्ता के सामने असमंजस की स्थिति निर्मित हो जाती है। दूसरे पक्ष के द्वारा संशोधित मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए



पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत कर नया प्रमाणपत्र भी जारी करवा लिया जाता है, लेकिन बाद में यह मामला कोर्ट पहुंच ही जाता है। इस तरह के मामलों का पहले ही आसानी से निपटारा करने के उद्देश्य से ऐसे प्रकरणों को कोर्ट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट के निर्देश पर ही संबंधित रजिस्ट्रार के द्वारा आवश्यक संशोधन किए जा सकेंगे।

### डेथ सर्टिफिकेट से ही राजस्व अभिलेखों में सुधार

राजस्व अभिलेखों में सुधार या फौती नामांतरण का मुख्य आधार मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र ही होता है। नामांतरण के लिए प्रस्तुत होने वाले आवेदन के साथ संबंधित का डेथ सर्टिफिकेट संलग्न होने और उसमें उल्लेखित महिला का पत्नी के स्थान पर नाम दर्ज होने के कारण राजस्व अधिकारियों को भी तात्कालिक रूप से उस समय उक्त महिला के नाम पर संपत्ति के फौती-नामांतरण में कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन दूसरी महिला के द्वारा वास्तविक पत्नी होने का दावा करने के बाद मामला पेचीदा हो जाता है, लेकिन तब तक सारा खेल हो चुका होता है।

### पहले आया, पहले पाया वाला मामला

कई बार ऐसा भी देखा गया है कि मृतक का डेथ सर्टिफिकेट लेने में ऐसी महिलाएं पीछे रह जाती हैं, जो मृतक की वास्तविक एवं पहली पत्नी हैं, जिनका मृतक के साथ पूरे रीति-रिवाजों से विवाह हुआ होता है। पहली पत्नी मृतक के श्राद्धकर्म में व्यस्त होती है और रजिस्ट्रार के ऑफिस पहले पहुंचकर मृत्यु प्रमाणपत्र दूसरी पत्नी या अन्य महिला के द्वारा प्राप्त करते हुए अपने उद्देश्यों की पूर्ति कर ली जाती है। इधर श्राद्धकर्म के बाद प्रमाणपत्र लेने रजिस्ट्रार के ऑफिस पहुंचने पर पहली पत्नी को मामले की जानकारी होती है, जिसके बाद फसाद होने लगता है

### कोर्ट के आदेश से होंगे संशोधन

दो पत्नियों वाले प्रकरणों में डेथ सर्टिफिकेट में अब किसी भी तरह के संशोधन सीधे-सीधे नहीं किए जा सकेंगे। इस संबंध में संबंधितों द्वारा प्रकरण व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। कोर्ट के आदेश के अनुसार ही आवश्यक संशोधन किए जा सकेंगे।

-अतुल कुमार पटेल, सहायक संचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

---

**चारे की तलाश...**



सड़क पर चारा की तलाश करते बतख का झुंड।

---

# अधोसंरचना पर 6 हजार 925 करोड़ खर्च कर रही रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के छत्तीसगढ़ प्रदेश अंतर्गत अधोसंरचना के नाम पर 6 हजार 925 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिसमें 6 नई रेल लाइन के अलावा 20 दोहरीकरण के काम भी शामिल हैं।

- **26 नई योजनाओं में 6 नई लाइन और बीस दोहरीकरण**

रेलवे के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट 6925 करोड़ हो गया है। वर्ष 2009 से 2014 के बीच 32 किलोमीटर नई ट्रैक जोड़ी गई थी, जो औसतन 6.4 किलोमीटर प्रतिवर्ष था। वर्ष 2014 से 2025 के बीच 1189 किलोमीटर नई लाइन की ओपनिंग की गई है, जो प्रतिवर्ष औसतन 108.1 किलोमीटर है। अप्रैल 2025 तक छत्तीसगढ़ प्रदेश में आने वाले रेलवे क्षेत्र में 26 स्वीकृत परियोजनाएं हैं, जिसमें 6 नई लाइन, 20 दूसरी लाइन, मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं शामिल हैं। 1932 किलोमीटर लंबाई को कवर करती हैं, जिस पर 31619 करोड़ की लागत स्वीकृत है। इनमें से 1023 किलोमीटर का कार्य पूरा हो गया और मार्च 2025 तक करीब 16 हजार 325 करोड़ का व्यय किया जा चुका है।

हाल ही में पूर्ण की गई परियोजनाओं में खरसिया से धरमजयगढ़ नई लाइन 100 किलोमीटर तक, रायपुर-टिटलागढ़ दोहरी लाइन 203 किलोमीटर तक, सल्कारोड से खोंगसरा दोहरी लाइन 26 किलोमीटर तक, दुर्ग से राजनांदगांव तक डबल लाइन 31 किलोमीटर तक, खोड़री से अनूपपुर तक डबल लाइन 72 किलोमीटर तक, जिसमें बिलासपुर फ्लाईओवर भी शामिल है। इसके अलावा बिलासपुर से उरकुरा तीसरी लाइन 110 किलोमीटर, चांपा से झारसुगुड़ा तीसरी लाइन 152 किलोमीटर और पेण्ड्रारोड से अनूपपुर तक 50 किलोमीटर की तीसरी लाइन भी है।

वर्तमान में दल्लीराजहरा-रावघाट नई लाइन, रावघाट-जगदलपुर नई लाइन, गेवरारोड-पेण्ड्रारोड नई लाइन, धरमजयगढ़-कोरबा नई लाइन जैसे प्रोजेक्ट पर काम किए जा रहे हैं।

### प्रगति पर मल्टीट्रैकिंग परियोजना

इसी तरह कई दोहरीकरण और मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं। इसमें किरंदुल-जगदलपुर दोहरीकरण, जगदलपुर-कोरापुट दोहरीकरण, झारसुगुड़ा-बिलासपुर के बीच चौथी लाइन, राजनांदगांव-नागपुर के बीच तीसरी लाइन, बोरीडांड से अंबिकापुर के बीच दोहरीकरण और महत्वपूर्ण खरसिया से परमलकासा के बीच पांचवीं व छठवीं लाइन परियोजनाओं पर भी काम की शुरुआत कर दी गई है।

### 61 सर्वेक्षण किए रेलवे ने

रेल अफसरों के अनुसार रेलवे बोर्ड की गाइडलाइन में मिले आदेश के बाद पिछले तीन वर्षों 2022-23, 2023-2024, 2024-2025 तथा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रेलवे ने करीब 61 सर्वेक्षण किए हैं। इनमें 26 नई लाइन सर्वेक्षण और 35 दोहरीकरण सर्वेक्षण शामिल हैं जो छत्तीसगढ़ में 5755 किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं।

---

**फरवरी में समाप्त हो रहा कुलपति वाजपेयी का कार्यकाल**

# अटल विवि के नए कुलपति की तलाश शुरू, राजभवन ने मंगाए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी बिलासपुर यूनिवर्सिटी के नए कुलपति की तलाश शुरू हो गई है। राजभवन ने कुलपति पद के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है और 29 दिसंबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। वर्तमान कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी का पांच साल का कार्यकाल फरवरी में समाप्त हो रहा है।

अटल यूनिवर्सिटी के वर्तमान कुलपति अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी का पांच वर्ष का कार्यकाल 22 फरवरी 2026 को पूरा हो रहा है। इसलिए नए कुलपति की तलाश शुरू हो गई है। स्टेट यूनिवर्सिटी में कुलपति की नियुक्ति राजभवन से राज्यपाल के हस्ताक्षर से होती है। इसलिए अटल यूनिवर्सिटी के अगले कुलपति के लिए राजभवन ने विज्ञापन जारी कर दिया



है। कुलपति पद के इच्छुक उम्मीदवारों से 29 दिसंबर 2025 तक पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से आवेदन आमंत्रित किया गया है। कुलपति चयन प्रक्रिया के लिए चयन समिति भी बन गई है और यूनिवर्सिटी के कार्य परिषद से चयन समिति के लिए एक सदस्य का नाम भेज दिया गया है। इसके अलावा एक सदस्य राज्य शासन के और एक राजभवन नामित सदस्य भी चयन समिति में होते हैं जो पूरी प्रक्रिया करते हैं।

### ये हैं नियम व शर्तें

कुलपति किसी भी यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक व प्रशासनिक प्रमुख होते हैं इसलिए कुलपति पद के लिए कुछ नियम मापदण्ड तय किए गए हैं। प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो या किसी प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में 10 वर्ष का अनुभव हो। कुलपति पद के लिए अधिकतम आयु 70 वर्ष निर्धारित किया गया है।

### राजभवन से होगी प्रक्रिया

अटल यूनिवर्सिटी में कुलपति का कार्यकाल फरवरी माह में पूरा होने जा रहा है। नए कुलपति की नियुक्ति राजभवन से होती है, इसलिए राजभवन से कुलपति पद का विज्ञापन जारी हो चुका है। आवेदन से लेकर कुलपति चयन संबंधी सारी प्रक्रिया राजभवन से ही होगी।

-डॉ. तार्णिश गौतम
रजिस्ट्रार, एयू

---

# एसईसीएल और एसईसीआर की संयुक्त समीक्षा बैठक

बिलासपुर। एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन तथा एसईसीआर के जीएम तरुण प्रकाश की संयुक्त अध्यक्षता में आज एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें सीईआरएल, सीईडब्ल्यूआरएल तथा एसईसीएल के समग्र परिचालन प्रदर्शन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में सीएमडी आईआरसीओएन हरि मोहन गुप्ता, सीएमडी आरआईटीईएस राहुल मित्तल एसईसीएल एवं एसईसीआर के वरिष्ठ नेतृत्व तथा आईपीआरसीएल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक में एसईसीएल के वर्तमान प्रदर्शन, रेल-डिस्पैच क्षमता बढ़ाने के रोडमैप एवं प्रमुख रेल-लिंक अवसंरचना परियोजनाओं की स्थिति पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सीईआरएल एवं सीईडब्ल्यूआरएल के समयबद्ध निर्माण में आ रही बाधाओं की पहचान करते हुए इन्हें शीघ्र गति से पूर्ण करने घनिष्ठ समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। एसईसीएल और एसईसीआर दोनों ने यह पुनः सुनिश्चित किया कि कोयला लॉजिस्टिक्स को निर्बाध, कुशल और समयबद्ध बनाए रखने के लिए आपसी सहयोग और तालमेल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक के समापन पर यह बताया गया कि एसईसीएल ने नवंबर 2025 में 1767 रेक लोडिंग कर अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ मासिक रेल-डिस्पैच प्रदर्शन दर्ज किया, जिसकी सराहना रेलवे जीएम ने की।

---

### अमीन भर्ती परीक्षा आज

**बिलासपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, (व्यापम) द्वारा 7 दिसंबर को बिलासपुर समेत प्रदेश के 16 जिलों में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा आयोजित की गई है। इस परीक्षा में प्रदेश भर में 2.30 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, बिलासपुर में 126 परीक्षा केंद्रों में 38 हजार से ज्यादा उम्मीदवार परीक्षा देंगे। प्रतियोगियों को दो घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचना होगा। परीक्षा के दौरान जैकेट-जर्सी जैसे कपड़ों पर प्रतिबंध है। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांही वाले कपड़े और बिना पॉकेट वाला स्वेटर पहनकर परीक्षा देनी होगी। व्यापम ने परीक्षा के लिए दिशानिर्देश जारी किया है। इसके अनुसार परीक्षार्थियों को एक दिन पहले अपने परीक्षा केन्द्र जाकर देखने कहा है, ताकि उन्हें परीक्षा के दिन किसी तरह की कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थियों को एग्जाम शुरू होने से 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा, ताकि उनकी फिस्किंग एवं फोटो युक्त पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। व्यापम ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। चूंकि, यह परीक्षा दोपहर 12.00 बजे शुरू होगी।

---

# तंत्र, मंत्र और भाव स्वदेशी लाना होगा: डा. वर्णिका



**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के लिए युवाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच डॉ वर्णिका शर्मा एवं केंद्रीय संचालन संचालन समिति राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के सदस्य गोलोक बिहारी राय एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय महासचिव विक्रमादित्य सिंह ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के लिए युवाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार रखें। अतिथि वक्ताओं ने युवाओं को स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययन से अध्यात्म तक जुड़ा हुआ है। जहां अध्यात्म से तकनीक जुड़ी होती है वहां उन्नति सुनिश्चित होती है। जिस राष्ट्र ने केवल तकनीक का सहारा लेकर उन्नति करने की कोशिश की वह अवनति के दलदल में समा गया। हम सब अहिल्याबाई ,वीर शिवाजी के देश में जन्मे लोग हैं। जिन्होंने कभी विश्राम नहीं किया। 300 साल पहले ही अहिल्याबाई ने स्वदेशी की सोच से कार्य करके हम सबको प्रेरणा दी है। उनके मार्ग पर चलते हुए हमें स्वदेशी अपनाना होगा। हमें सभी के मन में तंत्र स्वदेशी, मंत्र स्वदेशी और भाव स्वदेशी लाना होगा। इससे कृषि उद्योग बढ़ेगा, गांव में खुशहाली होगी। विशिष्ट अतिथि गोलोक बिहारी राय ने कहा कि जो राष्ट्र अपनी संस्कृति अपनी परंपरा अपने जीवन शैली को मौलिक रूप में जागृत रखेगा। वह देश उन्नति करेगा और वैश्विक स्तर पर अपनी मौलिक पहचान बनाए रखेगा। उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा बनी रहेगी। जो राष्ट्र नकल करता है, उसका पतन निश्चित है और उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा भी खोखली हो जाती है। वह एक कमजोर राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाता है। विशिष्ट अतिथि विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चुनौतियों का उत्तर कभी-कभी वर्तमान में नहीं इतिहास में मिलता है। इसलिए हमारे सामने आज जो चुनौतियां हैं।

### युवा वैचारिक रूप से जुड़ेंगे ऐसा मेरा विश्वास : कुलपति

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि आज इस राष्ट्रीय व्याख्यान से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की जो बात हुई है, उससे निश्चित तौर पर युवा वैचारिक रूप से जुड़ेंगे ऐसा मेरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि अतिथियों ने जो बीजरोपित किए हैं, वह निश्चित ही राष्ट्र निर्माण के रूप में एक बड़ा वृक्ष बनकर हम सबके सामने होगा।

### स्वदेशी को लेकर विवि कृत संकल्प : कुल सचिव

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को लेकर संकल्प लिया और कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यमिता आत्मनिर्भरता और स्वदेशी को लेकर विश्वविद्यालय कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य तौकीर रजा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुपम तिवारी ने किया। आभार प्रकट किशोर सिंह ने किया।

---

**यातायात पुलिस ने किया जिले में चिन्हित सड़क दुर्घटना जनित क्षेत्र ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण**

# सेंदरी तिराहे व भदौरा ब्लैक स्पॉट में अंडर ब्रिज बनाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा जिले में चिन्हित सड़क दुर्घटना जनित क्षेत्र ब्लैक स्पॉट स्थान का निरीक्षण किया गया।

- **मस्तूरी बायपास तिराहा में रंबल स्ट्रिप लगाने के सुझाव**

इस दौरान पुलिस मुख्यालय रायपुर से सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा, यातायात प्रभारी जिला बिलासपुर एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे तथा यातायात के मास्टर ट्रेनर सेवा निवृत्त उप निरीक्षक उमाशंकर पांडे एवं यातायात के बल उपस्थित रहे। टीम ने




सेंदरी तिराहा, मस्तूरी बायपास तिराहा तथा भदौरा चौक ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सेंदरी तिराहे तथा भदौरा ब्लैक स्पॉट में अंडर ब्रिज की आवश्यकता बताई गयी तथा मस्तूरी बायपास तिराहा में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ ही रंबल स्ट्रिप लगाने के सुझाव दिया गया। टीम ने इस मार्ग में हाईवे से जुड़े अन्य सहायक मार्गों के पास भी अंडर ब्रिज की आवश्यकता बताई। ब्लैक स्पॉट निरीक्षण के दौरान निरीक्षण टीम ने हाईवे पेट्रोलिंग वाहन की टीम को ब्लैक स्पॉट भदौरा में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अपने साथ हमेशा फर्स्ट एड बॉक्स रखें।

### अतिक्रमण एवं झाड़ियों को साफ करने के सुझाव

निरीक्षण के दौरान ब्लैक स्पॉट चौक में चारों कॉर्नर में किए गए अतिक्रमण एवं आसपास के झाड़ियां को साफ करने के सुझाव दिया गया। चौक में ठेला आदि के द्वारा हो रहे दृश्यता बाधित को शीघ्र व्यवस्थित करने सुझाव दिए गए। उक्त ब्लैक स्पॉट में स्पीड लिमिट एवं कनेक्टिंग मार्ग का बोर्ड लगाने की आवश्यकता बताई गई एवं ब्लैक स्पॉट के पूर्व ही दुर्घटना जन्य स्थल एवं ब्लैक स्पॉट का बोर्ड लगाए जाने कहा गया। ब्लैक स्पॉट के पूर्व रंबल स्ट्रीप लगाए जाने एवं मल्टीपल ब्रेकर लगाने कहा गया। चौक के चारों तरफ गो स्लो के संकेतक बोर्ड लगाए जाने एवं पूरे मार्ग में नियत दूरी पर स्पीड लिमिट का संकेतक बोर्ड लगाने की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



एग्जाम

## छग राज्य सेवा परीक्षा के लिए 31 दिसंबर से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से राज्य सेवा परीक्षा-2025 के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। जो उम्मीदवार राज्य सेवा परीक्षा में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। बता दें, इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू हो जाएगी। साथ ही उम्मीदवार 31 दिसंबर 2025 तक इन पदों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से 238 उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवार अपनी पात्रता मानदंड की जांच करके आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जल्द ही आवेदन कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा। यह परीक्षा दो पाली में आयोजित कराई जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक और दूसरी परीक्षा दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक संचालित की जाएगी।




### आवेदन के लिए जरूरी योग्यता

इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक या इसके समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से एप्लीकेशन विंडो शुरू करने के बाद उम्मीदवार यहां बताए गए निम्नलिखित स्टेप्स की मदद से ऑनलाइन माध्यम में आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए उम्मीदवारों को सबसे पहले छत्तीसगढ़ बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विजिट करना होगा।

समारोह

## सौ से अधिक कलाकार आज देंगे एक साथ बांस गीत गाथा की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** बांस गीत गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा रविवार 7 दिसंबर को आयोजित बांस गीत गाथा समारोह में सौ से अधिक गायक और वादक कलाकार एक साथ बांस गीत गाथा का प्रदर्शन करेंगे। यह आयोजन पं. देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में दोपहर 2 बजे से होगा। बांस गीत गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पुरातन कला बांस गीत यादवी संस्कृति का प्रतीक है। जिसे बांस के पोली नली से निर्मित वाद्य को फूंककर वादक पुरुष स्वर निकालता है और साथी कलाकर यादवों की सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक चरित्रों को गीत के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। वहीं सहयोगी कलाकार ठेही (हुंकार) देता है। 7 दिसंबर को सौ से अधिक बांस गीत कलाकारों का यह अभिनव आयोजन छत्तीसगढ़ में पहली बार होगा। जिसमें बिलासपुर संभाग के अलावा कबीरधाम और बेमेतरा जिला के बांस गायक और वादक कलाकार शामिल होंगे और वीर लोरिक पर केंद्रित प्रसंग को गीत और बांस वाद्य के माध्यम से एक साथ प्रस्तुत करेंगे।



**ये होंगे अतिथि :** इस समारोह के मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता रामशरण यादव पूर्व महापौर बिलासपुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री फूलबासन यादव, समाजसेवी व पुलिस अधीक्षक हरीश यादव उपस्थित रहेंगे।

आयोजन

## व्यापार मेले में हर्बल प्रोडक्ट सहित लगाए गए कई स्टॉल




**बिलासपुर।** महिला उद्यमी संघ द्वारा राघवेंद्र राव सभा भवन में आयोजित व्यापार मेला 2025 में कोसा साड़ी, ज्वेलरी, हर्बल प्रोडक्ट्स, हैंडीक्राफ्ट, फार्म फ्रेश प्रोडक्ट्स, विविध प्रकार की साड़ियां, बैग्स और स्वादिष्ट फूड के स्टॉल लगाए गए हैं। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल विधायक ने किया। अध्यक्षता महापौर पूजा विधानी ने की। अतिथियों ने महिला उद्यमियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की तारीफ करते हुए इसे शहर के आर्थिक विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय पहल बताया। मेला उद्घाटन अवसर पर छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, स्वदेशी मेला के गुलशन ऋषि, सौमित्र गुप्ता, पार्षद बंधु मौर्य, मेला की संयोजिका सोनल अग्रवाल, विनीत भाटिया सहित महिला उद्यमी उपस्थित थीं। उद्घाटन के साथ ही मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई।



# गायत्री महायज्ञ में आहुतियां देने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**राष्ट्र, शौर्य समृद्धि हेतु समर्पित लोकमंगल के लिए राजकिशोर नगर में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया है। यज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को सुबह देवपूजन, आह्वान के साथ तीन पालियों में गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इसमें आहुतियां देने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।**

### राजकिशोर नगर में चल रहा 24 कुंडीय यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोपहर भोजनोपरांत संगठन कार्यकर्ता गोष्ठी आयोजित की गई। गीता परिवार की ओर से सामूहिक गीता पाठ व गायत्री चालीसा पाठ कार्यक्रम रखा गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर पाठ किया। शाम को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लिंगियाडीह के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रेरणाप्रद प्रस्तुति दी। उपस्थित सभी लोगों ने इस प्रस्तुति का आनंद लिया। युग संगीत के साथ नाट्य मंचन भी किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए प्रतिनिधि प्रमोद बागचे, जय सिंह राजपूत, शिव कुमार और श्यामलाल ने 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के देवपूजन, यज्ञ आवाहन के साथ युग ऋषि का संदेश दिए।

### युग साहित्य का करें निरंतर स्वाध्याय

टोली नायक प्रमोद बागचे ने संदेश दिया कि हमारे भारतीय संस्कृति के वैदिक साहित्यों और परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के युग साहित्य का स्वाध्याय एवं परम पिता परमात्मा की नित्य उपासना कर उनके अनुशासन को अपने जीवन में उतारना चाहिए। परब्रह्म, परम पिता परमात्मा सर्वव्यापी, निर्गुण, निराकार है। जिसने जितना माना और जाना, उसकी मानव यात्रा की प्रकृति भी उतनी ही रही और वैसी उसकी संस्कृति रही। हम ईश्वर को सर्वव्यापी, न्यायकारी मानकर उसके अनुशासन को अपने जीवन में उतारेंगे और अपनी व्यवस्था, बुद्धि में परिवर्तन करते हुए हम उत्कृष्ट बनेंगे और दूसरों को श्रेष्ठ बनाएंगे, तो युग अवश्य बदलेगा। इक्कीसवीं सदी में ही धरती पर स्वर्ग का अवतरण होगा।

### सदगुरु आते हैं सत्य का बोध कराने

टोली नायक श्री बागचे ने यज्ञ का संचालन करते हुए कहा कि सदगुरु सत्य का बोध कराने आते हैं। मानने से बहुत सारे काम हो जाते हैं। मानने से पूरी इकॉनामी चल रही है। मानने से जानने की यात्रा शुरू होती है। ऋषियों ने मनोविज्ञान की यात्रा को जाना। परमात्मा बहुत विराट है। आकार से ही परमात्मा विराट की ओर जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो वीर है उन्हें परमात्मा प्राप्त है।

### सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

शनिवार को सुबह हुए गायत्री यज्ञ में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। यज्ञ स्थल के सभी यज्ञ कुंड श्रद्धालुओं से भरा रहा और सभी में यज्ञ को लेकर काफी उत्साह रहा। भीड़ इतनी कि दो-तीन पालियों में लोग बैठ कर आहुतियां दी। इस आहुति से पूरा वातावरण यज्ञमय हो गया।

### आज होगा दीपों की रौशनी से जगमग

रविवार 7 दिसंबर को सुबह 6 बजे से प्रज्ञा योग ध्यान, सामूहिक जप साधना, फिर 9 बजे से गायत्री महायज्ञ करा विविध संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। शाम 6 बजे से गायत्री दीपयज्ञ होगा। इस दौरान सैकड़ों दीये प्रज्जवलित किए जाएंगे। इससे पूरा यज्ञ स्थल दीपक की रौशनी से जगमग हो उठेगा।

## चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट में शैली सिस्टर की बनी 22 जोड़ियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चर्च ऑफ ख्राइस्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन समूह में शनिवार को पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में महिलाओं ने इस वर्ष भी शैली सिस्टर कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। इसमें महिलाओं की 22 जोड़ियां बनी। सभी ने अपनी शैली सिस्टर को सुंदर आकर्षक उपहार देकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरिता पॉल की प्रार्थना से हुआ। इसका संचालन एंजलिना पॉल ने किया। यीशु मसीह के जीवन चरित्र, उसकी कार्य शैली, और आश्चर्य कर्मों पर प्रकाश डाला गया। बैतलहम में यीशु का जन्म, नासरत नगर में उनका पालन पोषण, उनके प्रचार-प्रसार का केंद्र रहे यहूदिया, सामरिया और गलील आदि विषयों का स्मरण कर उनके जन्म उत्सव की खुशियां मनाई गई। शैली सिस्टर की बनी 22 जोड़ियों की बहनों ने आपस में एक-दूसरे को अपने गिफ्ट, उपहार का आदान-प्रदान कर अपना प्रेम प्रकट किया। पुष्प गुच्छ देकर और बड़े बुजुर्गों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। युगल जोड़ी हमेशा बनी रहे इसका संकल्प लिया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मीनू सिंह, बबीना मसीह, यास्मीन दास, मेरी सिंह, फ्रेनी मसीह, एंजलिना लवंग, शालिनी दास, सरिता पॉल, शशि मार्टिन, मार्ग्रेट पॉल, प्रीति वालेस, सुनीता मसीह, एंजेलिना पॉल, मंजू निशा, अरूणा दास, तृप्ति बाघ, मधुबाला, प्रीति कुमार, शीबा लुईस, ज्योति वालेस, अरूणा कुमार, आशा कैवर्त, सुलक्षणा बहादुर, श्वेता दास, अरूणा सोना, दीप्ति अल्फ्रेड उपस्थित रहे।

### बाजार हो रहा गुलजार

क्रिसमस को लेकर अब बाजार गुलजार होने लगा है। एंथोनी शॉप तारबाहर नाका के संचालक ने बताया कि क्रिसमस पर्व में वाटर प्रुफ स्टार, जीजस प्रिंट, लाइट, रेडियम वाले स्टार, चरनी सेट, डेकोरेशन वाले झूमर, बेल सेट, गिफ्ट बाक्स सेट, टोपी, सेंटा चश्मा, सभी साइजों में सेंटा ड्रेस, गौशाला, क्रिसमस की सभी मूर्तियां, सिलिंग झालर, एंजल सेट, मेरी क्रिसमस वाला बैनर, लाइटिंग क्रिसमस ट्री की मांग बढ़ गई है। समाज के लोग इन आयटमों की खरीददारी भी करने लगे हैं।



श्री झूलेलाल मंदिर में हो रहा आयोजन



## चालीहा महोत्सव में की गई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री सिंधु अमरधाम आश्रम झूलेलाल मंदिर चकरभाटा में चल रहे चालीहा महोत्सव में भव्य महाआरती की गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। ज्ञात हो कि श्री झूलेलाल मंदिर में चालीहा महोत्सव विगत 22 नवंबर से आरंभ हुआ है।

जिसमें शाम को भगवान झूलेलाल एवं बाबा गुरमुख दास की मूर्ति पर पुष्प अर्पण कर पूज्य बहराणा साहब की अखंड ज्योत संत सांई लाल दास द्वारा विधि-विधान से प्रज्ज्वलित किया गया। श्री सांई के सानिध्य में भक्तों ने महाआरती की। महाआरती संपन्न होने के बाद प्रार्थना की गई। पल्लव पाकर प्रसाद वितरण किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम का सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। इससे हजारों की संख्या में घर बैठे लोगों ने आज के इस महाआरती को देखा। इस मौके पर विजय डिसूजा सहित सिंधी समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा गुरमुख दास सेवा समिति, श्री झुलेलाल महिला सखी सेवा ग्रुप के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# मोबाइल के ज्यादा उपयोग का आंखों पर पड़ रहा दुष्प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग. नेत्र विशेषज्ञ संघ ने शनिवार को आईएमए हॉल में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। इसमें नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ एलसी मढ़रिया ने बताया कि आंखों की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। आज मोबाइल की जितनी आवश्यकता है उतनी एडिक्शन भी हो गई है। इसका दुष्परिणाम युवा पीढ़ी में ज्यादा देखने को मिल रहा है।

डॉ मढ़रिया ने बताया कि 15 से 20 प्रतिशत बच्चे मोबाइल के उपयोग से प्रभावित होते हैं। मोबाइल के ज्यादा उपयोग का आंखों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। यह विश्व स्तर की समस्या हो गई है। यदि सावधानी नहीं बरती गई तो वर्ष 50 तक पूरे विश्व में 50 प्रतिशत लोगों को चश्मा लग जाएगा। चश्मा लग जाने से साल में चेकअप कराने सहित कई परेशानी बढ़ जाती है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि आज बच्चों का होम वर्क सहित पढ़ाई संबंधी हर काम मोबाइल से हो रहा है। यही वजह है कि बच्चों, युवाओं में आंख की समस्या महामारी के रूप में बढ़ रही है। इससे बचने एवं लोगों को जागरूक करने ऑल इण्डिया लेबल पर प्रेस वार्ता आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि 20-20-20 नियम को फॉलो करने से राहत मिलती है यानी हर 20 मिनट बाद, कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखें। यह आंखों की फोकस करने वाली मांसपेशियों को आराम देता है। उन्होंने बताया कि आज लोगों को माइनस चश्मा ज्यादा लग रहा है। इस मामले में देश का पोजीशन 40 प्रतिशत पहुंच गया है। सिंगापुर में यह समस्या ज्यादा है। इस समस्या का मुख्य कारण बच्चों के आउटडोर खेल बंद हो जाना, सूर्य का प्रकाश नहीं मिलना, विटामिन युक्त खान-पान की कमी आदि है। उन्होंने बच्चों को विटामिन युक्त फल खाने एवं जहां तक हो सके पूरी नींद लेने प्रमोट करने की जरूरत पर बल दिया।



नेत्र रोग विशेषज्ञ संघ ने दी जानकारी

### जरूरी है राष्ट्रीय स्तर पर मुहिम की

नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ संदीप तिवारी ने कहा कि नेत्ररोग संबंधी समस्या को जानने, समझने राष्ट्रीय स्तर पर मुहिम की जरूरत है। कोविड के बाद खास कर चाइना, जापान, सिंगापुर में आंखों संबंधी समस्या ज्यादा बढ़ी है। इससे बचने लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि माइनस चश्मा लगने से आंखों संबंधी अन्य समस्या होने की संभावना बढ़ जाती है। आंखों की समस्या को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को भी दूर करने की आवश्यकता है।

### समझना होगा मायोपिया के साइड इफेक्ट को

डॉ सौरभ लूथरा ने बताया कि उम्र के हिसाब से नेत्र संबंधी समस्याएं बढ़ती है। इस समस्या की रोकथाम के लिए मिल कर आगे बढ़ना एवं माओपिया के साइड इफेक्ट को समझना होगा। उन्होंने बताया कि पूरे भारत में नेत्र सुरक्षा के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जा रहा है।

### साल में एक बार जरूर कराएं नेत्र की नियमित जांच

डॉ देवेश खाण्डे ने कहा कि समय-समय पर नेत्र रोग को लेकर लोगों को जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने बच्चों का साल में एक बार नेत्र जांच कराने की जरूरत पर भी बल दिया और कहा कि आंखों को स्वस्थ रखना उतना ही जरूरी है जितना कि अपने फोन को चार्ज रखना। डिजिटल उपकरणों के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए आंखों की देखभाल अब एक विकल्प नहीं, बल्कि एक ज़रूरत है।

स्पोर्ट्स न्यूज

## खेलकूद जीवन में भरता है अनुशासन, समर्पण का गुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें अनेक क्रीड़ा प्रतियोगिता कराई गई। मुख्य अतिथि डीआईजी राजकुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद जीवन में अनुशासन, खिलाड़ी भावना, समर्पण, एकजुटता का गुण भरता है। विद्यार्थी इससे प्रेरित होकर देश को खेलकूद के क्षेत्र में उन्नति के उच्चतम सोपानों तक ले जाएंगे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सीआरपीएफ भरनी के डीआईजी राजकुमार, विशिष्ट अतिथि कमांडेंट मनोज कुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ। लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बालवाटिका के विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों ने एरोबिक्स नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के सुभाष, टैगोर, अशोक व रमन सदन के सभी विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट का नेतृत्व स्पोर्ट्स कैप्टन जैनिल भट्ट व निवेदिता ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील पाण्डेय व राजेश देवांगन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी भूपेंद्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के व्हीके सोनी, निर्मला साहू, शालिनी सक्सेना, केवरा पटेल, दीपक श्रीवास, महेंद्र हिरवानी, प्राची आदि शिक्षकों ने सराहनीय भूमिका निभाई। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।

### विजेता हुए पुरस्कृत

खेलकूद की गतिविधियों में जलेबी दौड़, चॉकलेट दौड़, बोरा दौड़, लंबी कूद, रेडी टू रेस, रिले रेस आयोजित किया गया। इसके विजेता विद्यार्थियों को डीआईजी ने मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने वाला सर्वोत्कृष्ट शिक्षा संस्थान है।

### 56 बच्चों ने दी सहभागिता

प्राचार्य रमाकांत कौशिक ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 56 विद्यार्थियों ने संभागीय स्तर पर सहभागिता दी। साथ ही विद्यालय के 32 विद्यार्थियों ने संभागीय स्तर, वरदान पटेल व जाह्नवी सोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया।



## कराते स्पर्धा में एवीएम के खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर

दुर्ग-भिलाई के सेक्टर 9 स्थित महिला महाविद्यालय के हॉल में दो दिवसीय ऑल इंडिया नेशनल कराते चैम्पियनशिप आयोजित किया जा रहा है। इसमें आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के बच्चे भाग लेकर अपना जौहर दिखाएंगे।

सेन्सई विनय गढ़ेवाल ने बताया कि बालक वर्ग में छत्रपाल गढ़ेवाल, युवांक ध्रुव, प्रज्ञान साहू, चिरायु नेताम, विराज सॉर्थे, अथर्व शर्मा, नोमान खान, कुशाल कुमार टेकाम, ओमेश डोंगरे, देवेश कुमार यादव, अंश द्विवेदी, पियुष यादव, डेविड साहू, भास्कर दीप सोनी, अक्षय कुमार सोनी, प्रत्यक्ष केवट, वेदांत साहू, हर्षित सिंह चंदेल, बालिका वर्ग में अस्मिता गढ़ेवाल, सौम्या सिंह, भार्गवी साहू, पल्लवी राजपूत, आयुषी साहू, अदिति साईशेरा, अवंतिका धीवर, आराध्या अग्निहोत्री, ऋतु हाजरा शामिल होंगी।

इसके लिए आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एस के जनास्वामी, प्राचार्य जीआर मधुलिका एवं स्कूल के मुख्य खेल प्रभारी उत्तम जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

## खबर संक्षेप

### शत प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण करने पर बीएलओ का सम्मान



**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत चकरबेढ़ा में मितानिन दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या ने की। साथ ही सरपंच शशि देवी घोष, उप सरपंच बलराम टंडन, पंच पुनीत गीत लहरे, अजय जोशी, कोमल टांडा, गांव के वरिष्ठ नागरिक संतोष बंजारे, शिव कुमार बंजारे, छोटेलाल घोष, सरपंच प्रतिनिधि दशेराम घोष, कुसुराम बंजारे, शिवदयाल पाटले, अशोक आर्य, छोटेलाल घृतलहरे, जगदीश कुर्रे, संतु टंडन, बिहार गंधर्व, महेंद्र पात्रे, बुधराम पात्रे, गणेश राम दिनकर, मितानिन अंजू राय, धनेश्वरी गीत लहरे, रूप राय की उपस्थिति रही। इस दौरान शत प्रतिशत एसआईआर का कार्य पूर्ण करने पर पंचायत की ओर से बीएलओ चंपा कुर्रे, शिक्षिका अनसूया टंडन, थवईट देवन मैडम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### पुण्यतिथि पर स्व. पांडेय को अर्पित की गई श्रद्धांजलि




**तखतपुर।** शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सैकड़ों लोगों को नई पहचान दिलाने वाले जनकलाल मोतीलाल पांडेय की पुण्यतिथि पर जेएमपी महाविद्यालय परिवार ने उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने स्व पांडेय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, सड़क हादसे में हुए उनके निधन के बाद, उनकी स्मृति में परिजनों द्वारा स्थापित जेएमपी विद्यालय एवं महाविद्यालय आज भी क्षेत्र के हजारों बच्चों के जीवन को संवार रहा है। गोष्ठी में डॉ एनके पांडेय, हूप सिंह क्षत्रीय, श्रीकांत मिश्रा, मुकेश पांडेय ने जनक लाल पांडे के जीवन, की उपलब्धियां और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अशोक ठाकुर, मुकेश पांडेय, अश्वनी शर्मा, दिलीप तोलानी, डॉ. रामगोपाल अग्रवाल, संजय ठाकुर, शैलेन्द्र आहूजा, डॉ शिव, डॉ राजीव शर्मा, डॉ सीमा नाथ, डॉ मीना शर्मा, डॉ डीपी चंद्रवंशी, डॉ मीरा गुप्ता, डॉ समिता बारगाह, डॉ पार्वती पटेल, सिमरन टेकचंदानी, डॉ अनीता बरगाह, कुमारी दुर्गा गुप्ता, डॉ स्वाति पांडे, जसमीत कौर, अजीत नेताम, अंकुर शुक्ला, संजय देवांगन, हिरदेश कौशिक, छबिलाल श्रीवास, संतोष साहू, गोपाल ठाकुर, सुखनंदन साहू, पंचराम निषाद सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन डॉ राजीव शर्मा, आभार प्रदर्शन डॉ महेश पांडे ने किया।

### कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती



**गौरेला।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। ग्राम पंचायत सेमरा में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही उनके गौरेला आगमन पर रेलवे स्टेशन के सामने निर्मित कमानिया गेट का निर्माण और राजेंद्रग्राम अनूपपुर का नामकरण हुआ था। सभी कांग्रेस जनों ने उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजमती भानू, पुष्पराज सिंह, पंकज तिवारी, मनीष दुबे, श्रीकांत मिश्रा, ममता पैकरा, निलेश साहू, संतोष ठाकुर, श्वेता मिश्रा, अवधेश गुर्जर, तेज राजपूत, राजेश यादव, मंजू सिंह ठाकुर, पवन सिंह नागवंश, रियांस सोनी, अफसर खान, बाला कश्यप, पार्षद विक्रांत रोहणी, आयुष सोनी, असलम खान, मदन सोनी, अनीता यादव, शब्बीर हुसैन, मोमिन खान, आनंद राम भानु, सचिन कुमार, मोहम्मद परवेज, अमर सिंह राठौर, मोहम्मद फरीद खान, बाबा मियां व अन्य ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

### जनजाति समाज के इतिहास से अवगत कराने कार्यशाला



**लोरमी।** छात्र-छात्राओं को जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास, परंपरा, संस्कृति और योगदान के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से नवीन अमोरा कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व वक्ता शिक्षक राजकुमार कश्यप रहे एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर आरएन धुर्वे की। मुख्य अतिथि ने जनजाति समाज के नायकों तिलका मांझी, बुद्धू भगत, शहीद वीर नारायण सिंह, भीमा नायक, रानी दुर्गावती के स्वतंत्रता के लिए किए प्रयासों पर प्रकाश डाला। वहीं भगवान बिरसा मुंडा के जीवन को युवाओं के लिए आदर्श बताया। इस अवसर पर रतनपुर कॉलेज के प्राचार्य देवीदयाल कश्यप ने भूगोल और जनजाति संस्कृति का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया, जिसकी सराहना सभी ने की। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित शैक्षणिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉक्टर कुसुमलता सहगल ने किया। इस अवसर पर मोहन साहू, अजय यादव, हरिशंकर वर्मा के साथ ही कॉलेज के प्राध्यापक डॉक्टर राजीव तिवारी, डॉ डीके कुशवाहा, डॉ केदारनाथ सोनी, अंजू कोसले, सूर्यकांत चेलकर, त्रिलोक सिंह, डॉक्टर प्रियंका तिवारी आदि मौजूद रहे।

### एसआईआर पर कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

# निर्वाचक नामावली में किसी योग्य व्यक्ति का नाम न छूटे




हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में एसआईआर के संबंध में राजनैतिक दलों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में परिवर्तन कर अभियान को आगे बढ़ाया गया है, जिसके तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना है, ताकि निर्वाचक नामावली में किसी योग्य व्यक्ति का नाम न छूटे तथा किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम न जुड़े। कलेक्टर ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अब 11 दिसम्बर तक सत्यापन एवं गणना कार्य की तिथि निर्धारित की गई है एवं 16 दिसंबर को मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन कर 15 जनवरी तक दावा एवं आपत्तियां ली जाएंगी। 7 फरवरी 2026 तक सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य किया जाएगा, इसके उपरांत 14 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि, पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में शत प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य किया जा चुका है। इस कार्य में मुंगेली जिले को राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। ऐसे मतदाता जिनका ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन में नाम नहीं रहेगा, वे 16 दिसम्बर से 15 जनवरी तक नाम जुड़वाने हेतु दावा–आपत्ति कर सकते हैं। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने व दावा-आपत्ति के लिए समुचित दस्तावेज जमा नहीं करने पर अंतिम प्रकाशन सूची में ऐसे मतदाताओं का नाम विलोपित रहेगा। इस दौरान अति कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिपं सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, राजनैतिक दलों एवं मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## कलेक्टर ने किया सिलतरा हाईस्कूल का निरीक्षण

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शासकीय हाईस्कूल सिलतरा का निरीक्षण कर शिक्षा गुणवत्ता, विद्यार्थियों की प्रगति और स्कूल व्यवस्थाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से सीधे संवाद किया, और उनकी पढ़ाई, पाठ्यक्रम समझ तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान कक्षा 10वीं की छात्र लक्ष्मी ने आत्मविश्वासपूर्वक अपना परिचय देते हुए पढ़ाई की प्रगति बताई, जिसकी कलेक्टर ने सराहना की। उन्होंने मिशन 90 प्लस अभियान के तहत छात्रों की जागरूकता परखते हुए सभी विद्यार्थियों को अधिक मेहनत कर परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, जीवन में बड़ा लक्ष्य तय कर निरंतर प्रयास करना सफलता की कुंजी है। उन्होंने मोबाइल, सोशल मीडिया और अनावश्यक रीलों से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। कक्षा 8वीं के बच्चों से भी कलेक्टर ने संवाद कर उनकी पढ़ाई और परीक्षा तैयारी की समीक्षा की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रें की प्रशंसा करते हुए उन्होंने सभी को 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, अनुशासन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई ही बेहतर भविष्य बनाने का सबसे बड़ा अवसर है, इसलिए हर विद्यार्थी को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए। इस दौरान एसडीएम पथरिया रेखा चंद्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्टर को ज्ञापन देते किसान संघ के पदाधिकारी।

## धान खरीदी में अनियमितता, किसान संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मुंगेली।** किसानों की लगातार बढ़ती समस्याओं और आवश्यक मांगों के समाधान की मांग करते हुए भारतीय किसान संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में कई तरह की अनियमितताएं सामने आ रही हैं, जिनका तत्काल निराकरण आवश्यक है।

ज्ञापन में कहा गया कि, सभी उपार्जन केन्द्रों में धान की तौल प्रति बोरा 40.700 किलोग्राम के निर्धारित मानक के अनुसार ही की जाए। साथ ही केन्द्रों से धान का उठाव अत्यधिक धीमी गति से हो रहा है, जिसे शीघ्र करवाने की आवश्यकता है। धान बिक्री के लिए वारिसान पंजीयन फिलहाल बंद है, जिससे किसानों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने इसे तत्काल पुनः शुरू करने की मांग रखी। इसके अलावा जिला सहकारी बैंकों में किसानों के लिए राशि आहरण की साप्ताहिक सीमा 25 हजार रुपए तय है, जो उनकी जरूरतों के हिसाब से अपर्याप्त है। संघ ने इसे बढ़ा कर 1 लाख रुपए प्रति सप्ताह करने की मांग की। टोकन की दैनिक लिमिट को भी 700 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल किए जाने की आवश्यकता जताई गई। किसानों ने यह भी शिकायत की कि उपार्जन केन्द्रों में कुछ हमाल किसानों से तौलाई और बोरे खाली करने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। इस पर रोक लगाने तथा तत्काल जांच कर कार्रवाई करने की मांग ज्ञापन में शामिल की गई है। साथ ही एग्रीटेक पंजीयन, किसान पंजीयन, रकबा संशोधन सहित कई तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए खरीद केंद्रों पर ही शिविर लगाकर निराकरण की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया गया। भारतीय किसान संघ ने जिला कलेक्टर से अनुरोध किया है कि, किसानों की इन समस्याओं और मांगों पर शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि उपार्जन सीजन के दौरान किसानों को राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष विवेकानंद साहू, जिला मंत्री अश्वाराम अनंत, उपाध्यक्ष देवराज ठाकुर, गया प्रसाद कोशरिया, अजित जांगड़े, विनायक ठाकुर, नोबेल वर्मा व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# जर्जर सड़क व धूल के गुबार से लोगों का जीना मुश्किल



सड़क में उड़ती धूल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पड़ाव चौक सेंट जेवियर्स स्कूल से लेकर चातरखार तक जर्जर सड़क एवं उड़ते धूल के गुबार ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। बरसात में गड्ढों एवं उसमें भरे पानी से लोगों को निजात तो मिला, लेकिन धूल से उन्हें निजात नहीं मिल पा रही है। सड़क के किनारे दुकानदारों की व्यवसाय भी चौपट होते जा रही है। हर पांच मिनट में उन्हें टेबल-कुर्सी एवं सामानों की साफ-सफाई करनी पड़ रही है।

जिला मुख्यालय में पड़ाव चौक सेंट जेवियर्स स्कूल राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-130 की खस्ताहाल स्थिति ने आम नागरिकों का जीवन त्रस्त कर दिया है। मुंगेली से पंडरिया-कवर्धा को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क लंबे समय से जर्जर है, जिस पर बड़े-बड़े गड्ढे लोगों की सुरक्षा और सुविधा दोनों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नगर से लगे इस सड़क निर्माण को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। नगर पालिका इस मार्ग को लोक निर्माण विभाग की सड़क बताती है, लोक निर्माण विभाग इसे एनएच की सड़क बताती है। तीन अलग–अलग विभागों के चक्कर में सड़क का निर्माण लटका हुआ है। तीन विभागों के चक्कर में खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है एवं इस मार्ग पर आवागमन लगातार कठिन और जोखिम भरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि, यह सड़क बरसात के मौसम के पहले ही खराब हो चुकी थी, लेकिन बावजूद इसके अब तक कोई स्थाई मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ। जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों तक, किसी ने भी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया। जर्जर सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों के कारण वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सड़क के किनारे रहने वाले नागरिकों एवं व्यवसायियों का कहना है कि, वे मजबूरी में इसी सड़क से गुजरते हैं, और हर सफर जोखिम के साथ करना पड़ रहा है। सेंट जेवियर्स स्कूल के पास उबड़-खाबड़ गड्ढों में नगरवासी सहित बाहर से आने-जाने वाले राहगीर भी परेशान हैं। शहर की मुख्य सड़कों की बदहाली क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की कार्य क्षमता पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। पूर्व में बरसात के चलते काम नही होने की बात कही जा रही थी, लेकिन बरसात समाप्त होने के बाद भी इस मार्ग पर काम शुरू नही हो पाने की वजह से नागरिकों में आक्रोश बना हुआ है। इस मार्ग पर नाली निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन नाली से बहकर सड़क पर जमा होने वाला पानी अब समस्या को और बढ़ा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि, विकास के नाम पर बजट खर्च तो हो रहा है, पर उसका वास्तविक लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा। स्थानीय नागरिकों एवं व्यवसायियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि, एनएच-130 के मरम्मत और पुनर्निर्माण नहीं हो रहा है, तब तक उड़ती हुई धूल से बचने के लिये दिन में तीन-चार बार कम से कम पानी का छिड़काव ही कर दें, जिससे उड़ रही धूल से मुक्ति मिल सके।

- बरसात खत्म होने के बाद भी शुरु नहीं हुआ मरम्मत का कार्य

# नवनियुक्त प्राचार्य का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

शासकीय उमा विद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्य वेद प्रकाश शुक्ला के सम्मान में संकुल स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नपं अध्यक्ष धनेश्वरी केवट, उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नितेश बाबा गुप्ता, पूर्व नपं अध्यक्ष अनिल केवट, पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण कांत, सीएमओ मनीष सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक ओमप्रकाश पांडे, संजीव पांडे, राजेश पांडे, प्रदीप वैष्णव, मनोज वर्मा, अकत राम सिन्हा, अशोक शर्मा, गणेश दत्त राजू तिवारी, संतोष, जतन केवट, भारत पटेल, पार्षद सपना मिथुन यादव के साथ सैकड़ों नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं ने सुरीली आवाज में राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' का गायन किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत व्याख्याता जगदीश तिवारी, मनोज दुबे, रवि देवांगन, संदीप वैष्णव, नरेंद्र साहू मौजूद थे। धनेश्वरी केवट, पार्षद सपना यादव, व्याख्याता रश्मि गुप्ता को पुष्पगुच्छ देकर शिक्षिका असलेखा राय, काजल सुमन, संगीता यादव, श्वेता, तिमांजलि सिंह ने सम्मानित किया। इसके बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्रों को प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य श्री शुक्ला के जन्मदिन पर केक काटा गया एवं उनको स्मृति चिन्ह व श्रीफल देकर सम्मानित किया। अंत में सभी लोगों ने एक साथ स्कूल परिसर में बैठकर वन भोज का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक जगदीश प्रसाद साहू, कामता शुक्ला, संत कुमार बानी, अमृतलाल मधुकर, संतोष, लता केवट, ममता धनगर, पुनीता साहू, उपासना पांडे, संध्या चौबे, प्रताप सिंह, जयप्रकाश, कमलकांत मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल बंजारे ने व आभार पूर्व प्रभारी प्राचार्य रश्मि गुप्ता तथा संकुल के तरफ से लकेश्वर सिंह नेताम ने किया।



कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

### 32 पाव देसी मदिरा सहित आरोपी गिरफ्तार जेल दाखिल



**मुंगेली।** आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 6 दिसम्बर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम फंदवानी निवासी रितेश कुमार पिता दानी राम लहरे उम्र 21 वर्ष को 32 पाव देसी मदिरा प्लेन के साथ मोटर साइकिल सीजी 28 एल 8886 में परिवहन करते पकड़ा गया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1)क, 34(2), 59 क के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल किया गया।

# शुक्ल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया केंद्रीय रेशम बोर्ड का शैक्षणिक भ्रमण

**सीपत।** उच्च शिक्षा को व्यवहारिक और रोजगारोन्मुख बनाने के उद्देश्य से लागू 'पीएम ऊषा योजना' के अंतर्गत शासकीय मदनलाल महाविद्यालय सीपत के कला संकाय के विद्यार्थियों ने केंद्रीय रेशम बोर्ड का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को रेशम उत्पादन, रेशम कीट पालन, कोकून प्रोसेसिंग, धागा निर्माण तथा रेशम उद्योग से जुड़ी वैज्ञानिक एवं औद्योगिक प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान रेशम बोर्ड के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रेशम कीट पालन की आधुनिक तकनीक, कोकून से धागा निर्माण की प्रक्रिया तथा रेशम उत्पादों के विपणन एवं आर्थिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और उद्योग आधारित प्रक्रियाओं को नजदीक से समझा। इस शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय की डॉ श्वेता पंड्या, डॉ हेमपुष्पा नायक, विमल तिवारी, दीपेश जोशी एवं धनंजय टंडन उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ श्वेता पंड्या ने कहा कि, कक्षा में पढ़ाया गया सिद्धांत जब व्यवहार से जुड़ता है, तभी विद्यार्थी वास्तविक सीख प्राप्त करते हैं। ऐसे अध्ययन भ्रमण उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं। डॉ हेमपुष्पा नायक ने कहा कि, रेशम उद्योग जैसे पारंपरिक और वैज्ञानिक क्षेत्र की जानकारी विद्यार्थियों को बहुआयामी करियर विकल्पों से जोड़ती है। विमल तिवारी ने कहा कि 'पीएम ऊषा योजना' के अंतर्गत इस तरह के भ्रमण विद्यार्थियों को उद्योग आधारित कौशल से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



रेशम उद्योग का भ्रमण करने पहुंचे विद्यार्थी।

### एसपी के मार्गदर्शन में चल रहा अभियान

# 'पहल' कार्यक्रम के तहत 135 विद्यार्थियों को किया गया जागरुक

**मुंगेली।** एसपी भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे 'पहल' जागरूकता अभियान के तहत सुखनंदन महाविद्यालय के 135 छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा, यातायात नियम, नशामुक्ति और युवा सशक्तिकरण की जानकारी दी गई। सुखनंदन महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सवांगीण विकास और सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से 'पहल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, नशा मुक्तितथा युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ आभा चौबे ने की। उन्होंने कहा कि, आज के डिजिटल युग में विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रहकर सामाजिक, मानसिक और नैतिक रूप से भी मजबूत बनना होगा। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता शैलजा स्वामी बिलासपुर रहीं। जिन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड जैसी घटनाओं से सावधान रहने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि, आज सबसे अधिक अपराध साइबर माध्यम से हो रहे हैं, इसलिए युवाओं को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। पुलिस अधिकारी शत्रुहन खूंटे ने विद्यार्थियों को बताया कि, किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें और किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस या साइबर सेल से संपर्क करें। यातायात सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक सिग्नल एवं गति सीमा का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं अधिकतर लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं।




पहल कार्यक्रम में शामिल विद्यालय स्टाफ।

# तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने सत्येंद्र



**तखतपुर।** तहसील अधिवक्ता संघ के चुनाव में सत्येंद्र जायसवाल ने प्रदीप तिवारी को एक मत से हराकर अध्यक्ष पद पर अपना कब्जा जमाया। सत्येंद्र जायसवाल को 32 और प्रदीप तिवारी को 31 मत मिले, इस तरह से सत्येंद्र ने एक मत से जीत हासिल की। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सत्येंद्र जायसवाल ने कहा कि तखतपुर तहसील के अंतर्गत जितने भी अधिवक्ता साथी हैं, उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए मिलजुल कर प्रयास किया जाएगा तथा संगठन को और मजबूत बनाते हुए प्रभावी बनाया जाएगा। सचिव के लिए अजय सोनकर को 38 और मलय जहानी को 25 मत मिले एवं अजय सोनकर ने 13 मतों से जीत दर्ज की। अन्य पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिसमें उपाध्यक्ष पारथ सिंह ठाकुर निर्विरोध, कोषाध्यक्ष नैनलाल साहू, सहसचिव दुर्गा सिंह ठाकुर, सांस्कृतिक सचिव रविकांत सोनी, कार्यकारणी सदस्य दीपक देवांगन, श्रवण मिश्रा, आनंद बंशल भारत तोलानी, प्रदीप यादव, सनत यादव, सुखनंदन कश्यप, ललित यादव, हरेश कश्यप रविशंकर कौशिक बने।

## खबर संक्षेप

### अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स संघ के जिला अध्यक्ष बने बेदी



**पथरिया।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के बिलासपुर संभाग के संभागीय अध्यक्ष पद पर जेपी उपाध्याय एवं मुंगेली जिला शाखा अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत विखं शिक्षा अधिकारी पवित्र सिंह बेदी को नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव के द्वारा की गई।

### राकेश को मिली पीएचडी की उपाधि



**मस्तूरी।** डॉ राकेश राठौर ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार को गौरवान्वित किया। राकेश रामेश्वर राठौर एवं शारदा राठौर के पुत्र हैं। उन्होंने प्रो डॉ आंचल श्रीवास्तव के निर्देशन तथा डॉ रेखा दुबे के मार्गदर्शन में विषय '21वीं सदी के हिन्दी साहित्य में वृद्ध विमर्श' पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। इससे पहले भी उनके 10 से अधिक शोध-पत्र देश के प्रतिष्ठित जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं।

### आज तखतपुर प्रवास पर रहेंगे जांगिड़

**तखतपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ सहप्रभारी विजय जांगिड़ 7 दिसम्बर को तखतपुर प्रवास पर रहेंगे। तय कार्यक्रम के तहत श्री जांगिड़ 12:30 बजे तखतपुर पहुंचेंगे और 2:30 बजे तक रहेंगे। इस दौरान वे एसआईआर के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजनों से चर्चा करेंगे। बैठक में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने दी।

### जिले में स्वदेशी संकल्प यात्रा आज

**मुंगेली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करने हेतु निकली स्वदेशी संकल्प यात्रा का मुंगेली आगमन हो रहा है। यह यात्रा रविवार 7 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे रेस्ट हाउस मैदान से प्रारंभ होगी। मुंगेली में आयोजित प्रादेशिक चरण के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित अतिथि झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। आयोजकों ने बताया कि, इस अभियान का उद्देश्य देश में स्वदेशी उत्पादों, स्थानीय व्यापारियों पद और श्वोकल फॉर लोकल्स के संदेश को प्रोत्साहित करना है।

## निधन

### बसंत मिश्रा



**बिलासपुर।** ग्राम मुरता, नवागढ़ जिला बेमेतरा निवासी बसंत मिश्रा दाऊजी पिता स्व. ठाकुर प्रसाद मिश्रा का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 10 बजे गृह ग्राम मुरता नवागढ़ में होगा। वे ऋषि कुमार, उषा, आशा, पप्पी के पिता और रामचंद्र, कृष्णचंद्र मिश्रा, मिनाक्षी, आनंद मिश्रा के चाचा थे।

### सुनीता बघेल



**पथरिया।** ग्राम सोढ़ी मराठी निवासी शिक्षिका सुनीता बघेल पति सुरेश बघेल का 46 वर्ष की आयु में शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में रविवार को किया जाएगा। वे गंगद्धारी संकुल समन्वयक दिनेश बघेल की भाभी थीं।

### सरस्वती देवी कश्यप



**लोरमी।** ग्राम पैजनिया निवासी सरस्वती देवी कश्यप का उम्र 85 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार रविवार को वॉर्ड क्रमांक 13 स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। ये गंगा प्रसाद कश्यप, शिव प्रसाद कश्यप एवं राम प्रसाद कश्यप की मां थीं।

## सीपत के करीब कैमाडीह जंगल पहुंचा हाथियों का झुंड

# हाथियों ने किया महिला को घायल, किसान की फसल चौपट







रात में निगरानी करता वन विभाग का अमला। जमीन पर मिले हाथी के पांव के निशान। घायल महिला से मिलने पहुंचे अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीपत क्षेत्र में दो वर्षों के अंतराल के बाद एक बार फिर हाथियों का आतंक लोगों की नींद उड़ा रहा है। शुक्रवार देर रात कटघोरा वनमंडल से भटककर चार हाथियों का दल सीपत क्षेत्र में प्रवेश कर गया, जिससे ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल बन गया।

■ प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, जंगलों में सर्च ऑपरेशन जारी

हाथियों का एक दल सीपत सर्किल के भरुवाडीह बिट में आबादी के बिल्कुल करीब पहुंच गया, जबकि तीन हाथी खोंधरा सर्किल की ओर बढ़ते देखे गए। शनिवार सुबह तक एक हाथी खोंधरा सोंठी कारीछापर ठरकपुर मार्ग से होता हुआ भरुवाडीह जंगल में पहुंच गया। लकड़ी लेने गई महिला पर हमला- शनिवार सुबह लगभग 5.30 बजे भरुवाडीह निवासी संतबाई ऊईके पति भोलाराम जलाऊ लकड़ी लेने जंगल गई थीं। इसी दौरान भटके हुए हाथी ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमले में महिला की कमर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। हालांकि, 108 एंबुलेंस उपलब्ध न होने के कारण वन विभाग को पुलिस की 112 वाहन की मदद लेनी पड़ी, जिसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली। फिर उसे सीपत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया फिर उसके बाद बिलासपुर सिम्स रिफर कर दिया गया।

### प्रजनन काल में झुंड से बिछड़ा है हाथी: डिप्टी रेंजर

सीपत सर्किल के डिप्टी रेंजर लक्ष्मीकांत गढ़ेवाल ने बताया कि हाथी का इस तरह भटकना प्रजनन काल का प्रभाव है। उन्होंने कहा, हाथी झुंड से बिछड़ गया है, उसकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। ठरकपुर और भरुवाडीह जंगल में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील है कि जंगल की ओर न जाएं। खबर लिखे जाने तक डिप्टी रेंजर लक्ष्मी गढ़ेवाल ने बताया कि, तैनात टीम हर तरफ नजर रखी है, लेकिन उसकी हलचल रात को ही पता चलने की संभावना है।

### किसान का खेत तबाह, मुआवजे की मांग

हाथी ने भरुवाडीह में एक प्लॉट की फेंसिंग तोड़ दी, और आसपास के कई खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया। ग्राम पोड़ी निवासी सदाराम साहू की लगभग एक एकड़ फसल को हाथी ने पूरी तरह रौंद डाला, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से तत्काल मुआवजा राशि की मांग की है। गांव के आसपास कई स्थानों पर हाथी के पगचिह्न मिलने से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है।

### बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल में छुट्टी

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भरुवाडीह प्राथमिक शाला की सुबह पाली के बच्चों का अवकाश घोषित कर दिया गया। वन विभाग की टीम लगातार गांव और आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर रही है।

### वन प्रबंधन समिति सक्रिय

हाथी के गांव में पहुंचने की सूचना मिलते ही वन प्रबंधन समिति सीपत के अध्यक्ष राजेश्वर कौशिक को जानकारी दी गई, जिसके बाद वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

## वन विभाग की टीम ने किया रसल वाइपर का रेस्क्यू



**लोरमी।** वन विभाग की टीम ने क्षेत्र के गांव मुछेल में एक घर के किनारे खेत से जहरीले सांप रसल वाइपर का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा। इस क्षेत्र में यह दुर्लभ प्रजाति का सांप पहली बार पकड़ा गया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है।वन विभाग रेस्क्यू टीम के प्रदीप ढीमर एवं यादव ने बताया कि, रविवार की सुबह सूचना प्राप्त हई कि, एक अजगर जैसा दिखने वाला सांप घर में घुसने की कोशिश कर रहा है। सूचना पर रेस्कयू टीम तत्काल मौके पर पहुंची तो पाया कि, वह अजगर नहीं, बल्कि अत्यंत खतरनाक विषैला सांप रसल वाइपर था। इस सांप के बारे में ऐसा प्रचलित है कि, इसकी फुंकार में जहर निकलता है, ऐसे में इसको रेस्क्यू करना खतरे से खाली नहीं था। रेस्क्यू टीम ने सावधानीपूर्वक सांप को पकड़ कर सुरक्षित केराचुआ पहाड़ के जंगल में छोड़ा एवं सांप को नया जीवन प्रदान किय।

## दिव्यांग दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर



**सेतगंगा-मुंगेली।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा शासकीय नवीन कॉलेज फास्टरपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली कंचन लता आचला ने बताया कि, दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं, और उन्हें भी सामान्य जीवन जीने का समान अधिकार प्राप्त है, इसलिए उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी या तनाव की स्थिति में कानूनी सहायता उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। विद्यार्थियों को शॉर्ट फिल्म के माध्यम से नालसा की विभिन्न योजनाओं एवं सहायता प्रावधानों की उपयोगी जानकारी दी गई। साथ ही रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रतिभागियों को कॉपी व पेन देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राध्यापक, विद्यार्थी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खैरा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत जयराम नगर के आश्रित ग्राम खैरा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ, कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने किया। उद्घाटन के मौके पर उन्होंने खेलों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होने पर जोर दिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, सतकली बावरे, जनपद सभापति ओम प्रकाश गौरहा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मस्तूरी विधानसभा संयोजक बीपी सिंह, मल्हार मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, जयरामनगर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, संतोष मिश्रा, मस्तूरी मंडल महामंत्री अजय सिंह, विनोद शर्मा, श्याम खांडेकर लोकनाथ बंजारे, अनिल सिंह, रवि सिह, नागेश्वर सिंह, कुलदीप सिंह धनंजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को प्रशासनिक सहयोग देते हुए मस्तूरी विखं के सीईओ जेआर भगत एवं प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## लैंगिक समानता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**मुंगेली।** जेंडर अभियान नई चेतना 4.0 के तहत जिला पंचायत सभाकक्ष में जागरूकता एवं संवेदनशीलता बढ़ाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जिला पंचायत सभापति, अन्य जिला पंचायत सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जेंडर समानता को प्रोत्साहित करना एवं महिलाओं-बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण का निर्माण करना था। इस दौरान इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए एक संवेदनशील और समान समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत परिसर में रंगोली, जेंडर आधारित लघु वीडियो क्लिप, जेंडर शपथ तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। मंच से उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और बिहान की दीदियों ने लैंगिक समानता, समान अवसर और महिला सम्मान पर अपने विचार व्यक्त किए।

## डिवाइन ग्रुप के वर्कशॉप में बच्चों ने ली नशामुक्ति की शपथ



**बेलतरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की दीया ग्रुप के प्रांतीय संयोजक दीया छत्तीसगढ़ डॉ पी एल साव, डॉ योगेंद्र साहू के निर्देशन एवं जिला संयोजक कोरबा विजेंद्र यादव के नेतृत्व में 4 दिसंबर को बिलासपुर के बेलतरा आत्मानंद उमा विद्यालय एवं नेवसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, जीवन प्रबंधन, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इस दौरान पावरप्वाइंट प्रोजेक्टर के द्वारा बच्चों को वीडियो के माध्यम से जीवन निर्माण की अनेक बातें जानकारी दी गई। मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बच्चों को संदेश देते हुए दीया विस्तारक कु सविता साहू ने कहा कि, आज नशा नौजवानों की दिशा और दशा दोनों को प्रभावित कर रहा है, आज युवा सबसे अधिक नशे की गिरफ्त में है। जिस गति से युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है, उसी रफ्तार में समाज में गंभीर घटनाएं भी सामने आ रही। इसके लिए जन जागरूकता की आवश्यकता है। इस मौके पर छग प्रचारक दीया कन्हैया चौहान ने कहा कि, ऐसा जीवन जिएं जो दूसरों को भी प्रकाश दे। हमेशा सकारात्मक चिंतन के सांथ सकारात्मक दिशा में कार्य करें। वर्कशॉप के अंत में जिला विस्तारक कोरबा ऋचा स्वर्णकार ने बच्चों को मार्शल आर्ट आत्मरक्षा के विषय में बताते हुए कहा कि, कभी अपने को कमजोर ना समझें, संघर्षों और चुनौतियों का डटकर मुकाबला करें। दोनों विद्यालयों के 500 से अधिक बच्चों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया। कार्यक्रम आयोजक विकास जायसवाल टिंकू बैसवाड़े ने बताया कि, गायत्री परिवार डिवाइन ग्रुप दीया के द्वारा व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्र की भावी पीढ़ी को संस्कृतिक और नैतिक मूल्यों से जोड़ने प्रदेश भर में अभियान चलाया जा रहा। कार्यक्रम में प्रांत सहसंयोजक दीया ओमप्रकाश बलभद्र, विस्तारक सविता साहू, प्रचारक कन्हैया चौहान, ऋचा स्वर्णकार, टिंकू बैसवाड़े, विकास जायसवाल, संभागीय विस्तारक दीया फूल सिंह, शैलेंद्र कोरी, रामाधार श्रीवास, जमुना प्रसाद कश्यप, तीरीथ राम यादव, जनकराम साहू, केशव कोरी, ओम प्रकाश साहू, हर प्रसाद कैवर्त उपस्थित रहे।



### राजपूत युवा मोर्चा ने मासूम के परिजन की दी आर्थिक मदद

**लोरमी।** भौंराकछार निवासी 4 वर्षीय मासूम नोहर सिंह पिता श्रवण सिंह राजपूत गंभीर बीमारी से पीड़ित था एवं उसका इलाज बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। मासूम के इलाज के लिए राजपूत युवा मोर्चा लोरमी ने आर्थिक मदद करने का निश्चय किया, लेकिन इसी दौरान मासूम की मृत्यु हो गई। मृत्यु उपरांत राजपूत युवा मोर्चा ने नोहर के अंतिम संस्कार सहित अन्य क्रिया कर्म लिए उसके परिजन को 42 हजार 507 रूपए का सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय सिंह, पूनम सिंह, गणेश सिंह, महावीर सिंह, रामकुमार सिंह, नरोत्तम, नरेंद्र, अनिल, सतीश, गोपाल, बलराज, अशोक फौजी, शेर सिंह , धर्मपाल, शत्रुघ्न, किशन, कमलकांत राजपूत, हरिश सिंह, रामरतन सिंह, घनश्याम सिंह, जगबंदन सिंह, हेमंत सिंह, कमलेश सिंह अन्य उपस्थित रहे। ग्रामीण इकाई भौराकछार का गठन- राजपूत युवा मोर्चा ग्रामीण इकाई भौराकछार का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक घनश्याम सिंह, जय जयराम, दुखीराम, शिव गुलाम सिंह, अध्यक्ष सुनीत सिंह, उपाध्यक्ष रामरतन सिंह, हरीश, कोषाध्यक्ष हेमंत सिंह, सचिव जगन्नाथ, सहसचिव कमलेश, सदस्य रूपसिंह, प्रकाश, केहर, जगबंधन को बनाया गया है।

## संस्कारयुक्त शिक्षा से ही सशक्त समाज का निर्माण

### 110 बच्चों को वितरित किए गए स्वेटर, चेहरे पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



बच्चों स्वेटर वितरित करते अतिथि।

शिक्षा के साथ-साथ मानवीय संवेदना और संस्कारों का संदेश लिए कौवाताल गांव में एक प्रेरणादायी आयोजन देखने को मिला, जहां स्वर्गीय बद्री प्रसाद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में 110 विद्यार्थियों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। यह आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कौवाताल में मस्तूरी बीईओ शिवराम टंडन एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सूरज क्षत्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

मटियारी निवासी सुपुत्र द्वय अवधेश अग्रवाल, जनपद सदस्य बिल्हा एवं राजेश अग्रवाल, एसएसपी सरगुजा द्वारा अपने पूज्य पिता की स्मृति को जीवंत रखते हुए इस सामाजिक सरोकार का निर्वहन किया गया। मुख्य अतिथि एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने कहा कि, शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, शिक्षा से ही व्यक्ति के भीतर संस्कारों का निर्माण होता है। जब शिक्षा और संस्कार साथ-साथ चलते हैं, तभी समाज सशक्त बनता है। विशिष्ट अतिथि बसंत साहू सरपंच ने कहा कि,नियमित विद्यालय आना ही बच्चों की सबसे बड़ी पूंजी है। शासन के साथ-साथ समाज के सहयोग से ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि, ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। समाज और विद्यालय जब साथ खड़े होते हैं, तब शिक्षा परिणाम तक नहीं, जीवन निर्माण तक पहुंचती है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कौवाताल जयसिंह सिदार, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष आकांक्षा केवट, सौखीलाल साहू, दिलहरण साहू, राजेन्द्र सूर्यवंशी सहित ग्रामीणजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अवधेश अग्रवाल का शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक रामकिशुन सूर्यवंशी ने किया।

## शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु जिले के प्राचार्यों की बैठक

# प्राचार्य दृढ़ संकल्पित होकर अपने लक्ष्य में जुट जाएं: सारिका



प्राचार्यो की बैठक लेते अधिकारी।

**मुंगेली।** बोर्ड परीक्षा में शत–प्रतिशत परिणाम और शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु सहायक संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर एवं जिले के प्रभारी अधिकारी हरिशचंद्र दिलावर की मुख्य अभ्यागत एवं जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे की अध्यक्षता में जिले के समस्त प्राचार्यों की बैठक 4 दिसम्बर को पीएमश्री सेजेस दाऊपारा में आयोजित की गई।

अधिकारियों द्वारा शाला में प्रार्थना स्थल में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का संक्षिप्त मार्गदर्शन किया गया। उक्त बैठक में डिप्टी कलेक्टर सारिका मित्तल ने कहा कि, सभी प्राचार्य दृढ़ संकल्पित होकर अपने लक्ष्य प्राप्ति में लग जाएं। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली कार्तिकेश्वर जांगड़े ने अपने विद्यार्थी जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि, सभी बच्चे एक समान होते हैं, परंतु मार्गदर्शन एवं परिश्रम के अनुरूप अपने जीवन में उपलब्धि प्राप्त करते हैं। प्रभारी अधिकारी दिलावर ने कहा कि, जिले में विषय विशेषज्ञ की टीम को और अधिक सक्रिय कर बोर्ड के कठिन विषयों की पढ़ाई तेज करने की आवश्यकता है। शालेय अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति की ओर विशेष बल देते हुए उन्होनें कहा कि, शाला भविष्य निर्माण की नींव होती है। शाला के सभी शिक्षक टीम भावना से काम करते हुए शाला का वातावरण स्वच्छ एवं आकर्षक बनाए रखें। उन्होनें सभी पालक–शिक्षक बैठक में माताओ को भी अवश्य बुलाए जाने हेतु प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि, जिले में शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी का आपसी सहयोग अपेक्षित है। पूर्व परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल करने वाले जिले के तीन विद्यालय देवरहट, पौनी एवं सेजेस सरगांव के प्राचार्यो से उनकी इस उपलब्धि का कारण जाना गया एवं अन्य सभी को अनुकरण करने हेतु प्रेरित किया गया। जिला मिशन समन्वयक अशोक कश्यप ने कहा कि, परीक्षा में अधिकाधिक अंक प्राप्ति के लिए विद्यार्थियों का लेखन अभ्यास एवं परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन आवश्यक है। अंत में शाला प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने पिछले मिशन 90 में सी, डी एवं ई ग्रेड प्राप्त सभी विद्यार्थियों को अंतिम कालखण्ड पश्चात उपचारात्मक शिक्षण कराने हेतु प्रेरित किया। उक्त बैठक में एपीसी लेखराम साहू, विखं शिक्षा अधिकारी मुंगेली जितेन्द्र बावरे, पथरिया डॉ प्रतिभा मंडलोई, प्रभारी विखं शिक्षा अधिकारी लोरमी मनीषा पाटले, एबीईओ लोरमी राजेन्द्र निर्मलकर, मुंगेली विमित्र घृतलहरे, प्रदीप दिवाकर, एबीईओ पथरिया रविपाल राठौर, बीआरसी मुंगेली सूर्यकांत उपाध्याय, लोरमी डीसी डाहिरे, पथरिया अशोक यादव, बीआरसाव सेजेस हिन्दी माध्यम उपप्राचार्य राजेन्द्र सिंह क्षत्रीय सहित जिले के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार छत्तराम तिवारी पिता स्व.सीताराम तिवारी उम्र 36 वर्ष निवासी– गणेश सांई मंदिर, बंगाली पारा, गली नं. 04, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने मौजा रतनपुर, प.ह.नं. 48, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 303/20 रकबा 1056 वर्गफीट को भूमि स्वामी मुजफ्फर खान पिता कुजूर खान उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पास क्रय करने का पक्का सौदा किया है। उक्त भूमि के खरीदी के एवज में मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी मुजफ्फर खान पिता कुजूर खान को बयाना राशि दिया है और जल्द ही उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के नाम पर होनी है। ऐसी स्थिति में उक्त भूमि के खरीदी–बिक्री के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था/ निकाय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त दस्तावेज सहित अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात की गई दावा आपत्ति अमान्य मानी जावेगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक : 06/12/2025

**तोषण अग्रवाल, अधिवक्ता**
**जोरापारा, जोरा तालाब के पास,**
**सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9907236288**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने आसामी अशोक कुमार साहू, पिता रामगोपाल, निवासी–बहतराई, बिलासपुर, तहसील व, जिला बिलासपुर, राज्य छ. ग. वाले से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रमाणित करता हूँ कि मौजा मोपका, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका, तहसील व, जिला बिलासपुर, राज्य छ. ग. में स्थित भूमि खसरा नं.800/34, 800/35 रकबा 1300 वर्गफुट, 1300 वर्गफुट (0.0240 हेक्टेयर) है, जो कि द्रोपती शर्मा, पति जवाहर लाल शर्मा, निवासी – जोरापारा, सरकंडा, बिलासपुर, तहसील व, जिला बिलासपुर, राज्य छ. ग. के नाम पर दर्ज है उपरोक्त भूमि को मेरे आसामी ने क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। अगर किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक /निजी निकाय को किसी प्रकार से कोई आपत्ति है तो 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि निकलने के पश्चात किये जाने वाले आपति मान्य नहीं होगी।

''सो सूचना जाने''

दिनांक: 6-12-25

**वेदप्रकाश विश्वकर्मा**
**(अधिवक्ता)**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.99074 44307, 90392 04038**

## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट, डेढ़ माह बाद जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में डेढ़ माह बाद जुर्म दर्ज कर लिया गया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार राजेन्द्रनगर निवासी चेतना सलूजा पति आशीष सलूजा ने लिखित शिकायत की 17 अक्टूबर 2025 को सुबह 11.30 बजे वे अपने गली के परिसर के अंदर पोताई करा रही थीं। उसी समय विशंभर गुलहरे ने अपने घर के अंदर से गाली गलौज करते हुए पोताई करने वाले लड़के को पोताई नहीं करने की धमकी दी और गली में घुस गया। श्रीमती सलूजा ने उन्हें गली से बाहर जाने के लिए कहा तो उनके साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर हाथ मरोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया है कि विशंभर गुलहरे आए दिन विवाद करता है। शिकायत जांच के डेढ़ माह बाद पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर विशंभर गुलहरे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### करंट से युवक की मौत, गैर इरादतन हत्या का जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कांटातार में प्रवाहित करंट से युवक के मौत के मामले में खेत मालिक के खिलाफ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, जोंधरा शिवनाथ नदी खार में मुन्नीलाल प्रजापति के खेत में कांटातार में करंट प्रवाहित किया गया था। 5 अक्टूबर को शाम 5 बजे जोंधरा निवासी गौरव केंवट पि विनोद केंवट 16 साल करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई थी। जांच के बाद पुलिस ने खेत मालिक मुन्नी लाल प्रजापति के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा 105 व 135 विद्युत अधिनियम 2005 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे के बाद एक्टिवा सवार की पिटाई

**बिलासपुर।** सड़क हादसे के बाद एक्टिवा सवार युवक की लोगों ने पिटाई कर दी। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। लालखदान निवासी उमेश श्रीवास पिता रामखिलावन ने बताया, शुक्रवार को उनके घर दशगात्र का कार्यक्रम था। वे एक्टिवा से पनीर खरीदने दुकान गए थे। पनीर नहीं मिलने पर वे लौट रहे थे। देवरीखुर्द ग्रामीण बैंक के पास बिना इंडिकेटर दिए एक्टिवा सवार को दो महिलांए उनकी एक्टिवा को टक्कर मारकर गिर गईं। उसके बाद आसपास में खड़े व कार सवार युवकों ने उनके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### रेलवेः 10 दिसंबर से 24 जनवरी तक दो ब्रिज बंद

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने सड़क को मरम्मत कार्य करने के लिए दो ब्रिज को बंद करने का निर्णय लिया है। एसईसीआर बिलासपुर डिवीजन के बेलगहना-टेंगनमाड़ा स्टेशन के बीच बन रोड अंडरब्रिज को 10 दिसम्बर से 24 जनवरी तक आवश्यक रोड मरम्मत कार्य के लिए सड़क यातायात बंद किया जाएगा, जिसकी वजह से सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था टेंगनमाड़ा से खोंगसरा स्टेशन के बीच रोड अंडरब्रिज से उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा जैतरी-छुलहा स्टेशन के बीच रोड अंडरब्रिज पर 10 दिसम्बर से 24 जनवरी तक सड़क मरम्मत का कार्य करने के दौरान यातायात बंद के बाद वैकल्पिक व्यवस्था छुलहा-अनूपपुर स्टेशन के बीच रोड अंडरब्रिज से होगी।

---

डीपीआई की आंखों में धूल झोंका

कोर्ट ने निराकरण करने कहा था न कि याचिकाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय देने

# 12 चहेते शिक्षकों की प्रधान पाठक पद पर शहर में पोस्टिंग कर दी

बिलासपुर। सहायक शिक्षकों का प्रधान पाठक पद पर प्रमोशन के मामले में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। हाईकोर्ट से याचिका डिसमिस होने और लोक शिक्षण संचालनालय से मामले का निराकरण होने के बाद भी जिला स्तर पर बड़ी सेटिंग करते हुए 12 शिक्षकों को मनचाहे जगह पर पोस्टिंग दे दी गई।



इस मामले में जिला शिक्षा विभाग के आला अधिकारी भी गोल मोल जवाब दे रहे हैं। इस मामले में खास बात है कि कोर्ट ने अभ्यावेदन का निराकरण करने का आदेश दिया था न की याचिकाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय देने के लिए आर्डर किया था। दरअसल स्कूल शिक्षा विभाग के 29 मार्च 2023 के आदेश के परिपालन में जिले में सहायक शिक्षकों का प्रधान पाठक पद पर प्रमोशन किया गया था। इसका उल्लेख बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पदोन्नति आदेश में भी है। इस प्रमोशन की जब काउंसलिंग हुई थी तब कुछ शिक्षकों ने सही जगह नहीं मिलने पर आपत्ति दर्ज कराई थी और उसके बाद कोर्ट चले गए थे। न्यायालय ने संबंधित केस में अपना निर्णय देते हुए याचिकाकर्ताओं को डीपीआई के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने कहा था। डीपीआई को इस पर नियमानुसार निराकरण करना था। डीपीआई ने इन अभ्यावेदनों को अमान्य कर दिया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को 29 मार्च 2023 के दिशा निर्देशानुसार पदोन्नति कर पदांकन करने हेतु निर्देशित किया गया। हालांकि इसके निर्देशानुसार पूर्व में ही पदोन्नति हो चुकी थी अतः उसी स्थान पर इन्हें पदस्थापना देनी थी और यह निर्णय भी केवल उन्हीं के लिए था जिन्हें कोर्ट ने अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया था।

### अवमानना याचिका की सुनवाई में केस वापस लिया

हरिभूमि के पास कोर्ट का आदेश हैं। इसके तहत हलधर साहू समेत अन्य लोगों के मामले में डीपीआई को 30 दिनों में फैसला लेने कहा गया था। डीपीआई ने तय समय में निराकरण नहीं किया तो याचिकाकर्ताओं ने अवमानना याचिका दायर की जिसकी पहली सुनवाई 16 जुलाई 2025 को हुई। इसमें रेस्पोंडेंट नंबर एक यानी डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी को नोटिस जारी हुआ। इसके बाद उन्होंने 4 सितंबर 2025 को आदेश जारी करते हुए अभ्यावेदन को अमान्य कर दिया। इस प्रकार कोर्ट के निर्णय का परिपालन हो गया। अभ्यावेदन अमान्य होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने बड़ा खेल खेला। डीपीआई और कोर्ट को गुमराह करते हुए हलधर साहू समेत अन्य की पोस्टिंग उनके मनचाहे जगह में कर दी गई। इसके बाद अवमानना याचिका की अगली सुनवाई में याचिकाकर्ताओं ने अपना केस को वापस ले लिया जो कि वैसे ही खारिज हो जाना था क्योंकि आदेश का परिपालन हो चुका था।

### मनचाहे जगह में पोस्टिंग कर दी गई

यही नहीं जिन शिक्षकों ने न्यायालय में याचिका दायर नहीं की थी उन्हें भी प्रधान पाठक पर उनके मनचाहे जगह में पदस्थापना दे दी गई है, जबकि किसी भी आधार पर उनकी पोस्टिंग हो ही नहीं सकती थी, क्योंकि जो पदस्थापना आदेश 2024 में जारी हुई थी उसमें अंतिम बिंदु पर स्पष्ट तौर पर लिखा हुआ था कि 10 दिन के भीतर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर पदस्थापना स्वतः निरस्त मानी जाएगी। ऐसे में न्यायालय और डीपीआई के आधार पर तो पांच शिक्षकों की पदस्थापना उनके पूर्व आवंटित जगह पर होनी थी पर अन्य किसी को पदस्थापना नहीं दी जा सकती थी। इसका भी लेकिन पालन नहीं किया गया और नंदनी कौशिक की पदस्थापना शासकीय प्राथमिक शाला जरहाभाटा में प्रधान पाठक के पद पर कर दी गई है। यही नहीं इसी प्रकार के अन्य पांच शिक्षक जो न तो कोर्ट गए थे और न डीपीआई से जिनके लिए आदेश जारी हुआ है की पदस्थापना कोटा विकासखंड में कर दी गई है जिससे तीन स्कूल तत्काल एकल शिक्षकीय हो गए हैं।

### पदस्थापना उनके मनचाहे जगह पर

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिलासपुर ने डीपीआई और कोर्ट की आंखों में धूल झोंककर इन शिक्षकों की पदस्थापना उनके मनचाहे जगह पर कर दी। इसमें हलधर साहू को राजेंद्र नगर शासकीय स्कूल में प्रधान पाठक बना दिया गया जबकि पहले इनकी पदस्थापना प्राथमिक शाला चारपारा खोगसरा विकासखंड कोटा में हुई थी। इसी तरह शिप्रा बघेल की पदस्थापना शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरा में कर दी गई जबकि इनकी पहले पदस्थापना प्राथमिक शाला कन्या खमरिया विकासखंड मस्तूरी में हुई थी । इसी प्रकार सूरज कुमार सोनी की पदस्थापना शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव विकासखंड बिल्हा में कर दी गई है जबकि पहले इनकी पदस्थापना प्राथमिक शाला पुरेना विकासखंड तखतपुर में की गई थी।

### गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई होगी

अवमानना याचिका के आधार पर शिक्षकों के पक्ष में पोस्टिंग आर्डर जारी किया गया है। दूसरे अन्य शिक्षकों के बारे में आदेश देखना पड़ेगा। कहीं कोई गड़बड़ी होगी तो जरूर कार्रवाई होगी।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

---

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए शुरु की स्पेशल ट्रेनें

# शीतकालीन छुट्टियों से पहले मुम्बई दिल्ली की ट्रेनों में नो रूम, यात्री जुटे बुकिंग कराने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शीतकालीन छुट्टियों की तिथि अब तक नहीं आई है और छुट्टियां मनाने के लिए दिल्ली और मुम्बई की ओर जाने वाली सामान्य एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने के कारण नो रूम की स्थिति बन गई है। वहीं यात्रियों की सुविधा और उन्हें कंफर्म बर्थ देने के लिए शीतकालीन स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरु कर दिया है, जिसमें यात्री अभी से अपनी बुकिंग कर सकते हैं।

दशहरा से दीपावली की छुट्टियों के बाद यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ दिसम्बर माह में शीतकालीन छुट्टियों में रहती है। यात्री छुट्टियों के साथ नव वर्ष मनाने के लिए परिवार के साथ बाहर आना-जाना करते हैं, जिसके कारण ट्रेनों के स्लीपर कोच से लेकर एसी कोच में वेटिंग अधिक होने के कारण नो रूम की स्थिति बन जाती है। इसकी वजह से तत्काल में भी यात्रियों को कंफर्म टिकिट मिलनी मुश्किल होती है। रेल प्रशासन शीतकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की भीड़ को कम करने के उद्देश्य से स्पेशल ट्रेन की सुविधा देती है। इन शीतकालीन स्पेशल ट्रेन के बजाय ज्यादातर यात्री सामान्य एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में ही सफर करना अधिक पसंद करते हैं। इसी तरह का स्थिति इस वर्ष भी हो गई है। बिलासपुर से हावड़ा के बजाय मुम्बई, पुणे, जयपुर और दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों के स्लीपर कोच के साथ ही एसी थ्री, इकोनामी और एसी टू में यात्रियों ने डेढ़ माह पहले से बुकिंग करना शुरु कर दिया है। विशेषकर दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग से जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर के बीच प्रति मंगलवार और बुधवार को चलने वाली एक्सप्रेस, रायगढ़ से निजामुद्दीन जाने वाली गोंड़वाना एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस के अलावा हावड़ा से बिलासपुर होकर मुम्बई की ओर जाने वाली हावड़ा-मुम्बई मेल, हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, हावड़ा-सीएसएमटी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, हावड़ा-सांई नगर शिरडी एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों के स्लीपर में वेटिंग की स्थिति ने शतक का और एसी थ्री से लेकर एसी टू में वेटिंग का आंकड़ा 50 से 70 के बीच हो गया है।



### एक फेरा लगाएगी दुर्ग-निजामुद्दीन

शीतकालीन में गाड़ियों में होने वाली भीड़ को कम करने के लिए दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन के बीच एक फेरे के लिए ट्रेन का परिचालन 08760/08761 नम्बर के साथ किया जाएगा। यह स्पेशल ट्रेन 08760 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन बनकर 7 दिसम्बर को 10.45 बजे रवाना होकर रायपुर, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, झांसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, पलवल स्टेशन में स्टपेज के बाद निजामुद्दीन स्टेशन तक जाएगी। इसी तरह सोमवार 8 दिसम्बर को 08761 हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल ट्रेन 12.30 बजे रवाना होकर उसलापुर दूसरे दिन 11.50 बजे और दुर्ग स्टेशन 15.00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में एक एसएलआरडी, पांच सामान्य कोच, चार शयनयान, आठ एसी थ्री, एक एसी टू, दो एकोनोमिक्स कोच सहित 18 कोच की सुविधा यात्रियों के लिए दी जाएगी।

### हावड़ा-सीएसएमटी के बीच एक फेरा

इसी तरह एक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन शनिवार को हावड़ा से सीएसएमटी के लिए रवाना की गई है, जिसका परिचालन केवल एक फेरे के लिए होगा। गाड़ी संख्या 02870 हावड़ा-सीएसएमटी हावड़ा से 6 दिसम्बर शनिवार को 13.55 बने रवाना हो चुकी है, जो खड़गपुर, टाटानगर, राउरकेला, झारसुगुड़ा होते हुए बिलासपुर देर रात 1 बजकर 15 मिनट पर पहुंचने के बाद रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, बड़नेरा, अकोला, भुसावल, नासिक रोड होते हुए रात 23.45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। इसी तरह सोमवार 8 दिसम्बर को 02869 सीएसएमटी-हावड़ा स्पेशल ट्रेन 11.05 बजे रवाना होने के बाद बिलासपुर दूसरे दिन सुबह 7.40 बजे होकर हावड़ा 20.55 बजे पहुंच जाएगी। ट्रेन में 1 एसएलआरडी, चार सामान्य कोच, 6 स्लीपर कोच, दो एसी थ्री इकोनामी, चार एसी थ्री, दो एसी टू, एक एसी फर्स्ट, जनरेटर कार सहित 21 कोच की सुविधा होगी।

---

एसआईआरः डोर टू डोर सर्वे का काम पूरा

# जिले में 1 लाख 29 हजार से अधिक मतदाता मिले अपसेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन नामावली का गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर चल रहा है। एसआईआर के तहत पहले चरण में बीएलओ के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। बिलासपुर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 737 है, जिनमें से एसआईआर सर्वे दौरान 1 लाख 29 हजार 816 मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं।

■ जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 737 है

एसआईआर के दौरान इतनी अधिक संख्या में मतदाताओं के अनुपस्थित पाए जाने से एसआईआर कार्य में लगा प्रशासनिक अमला भी आश्चर्यचकित है। एसआईआर तहत मतदाताओं के डोर-टू-डोर सर्वे और गणना फार्म भराने का काम 4 नवंबर से शुरू हुआ था। पहले चरण में बीएलओं को अपने-अपने बूथों से संबंधित क्षेत्रों में घर-घर जाकर गणना फार्म बांटना था और बाद में भरे गए गणना फार्म को वापस जमा लेना था। बिलासपुर जिले अंतर्गत बिलासपुर, बेलतरा, बिल्हा, तखतपुर, कोटा व मस्तूरी 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें 1815 बूथ हैं। प्रत्येक बूथ के हिसाब से उतने ही बीएलओ बनाए गए हैं और कुल 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों को एसआईआर काम में लगाया गया है। डोर-टू-डोर सर्वे और गणना फार्म भरने का काम लगभग पूर्णता की ओर है और सर्वे में जिले में 1 लाख 29 हजार 816 मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं। इनमें ऐसे लोग शामिल हैं जिनका कोई अतापता नहीं चल रहा है या फिर उनके घर बीएलओ गए थे वहां कोई नहीं मिला या फिर घर छोड़कर कहीं चले गए हैं। उन लोगों का एसआईआर दौरान गणना फार्म भी नहीं भरा पाया है।

### बूथों में चस्पा की जाएगी लिस्ट

निर्वाचन आयोग ने सभी बीएलओ को सर्वे दौरान जो मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट या मृत पाए गए हैं, उनकी लिस्ट बूथों में चस्पा करने के निर्देश दिए हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे का काम लगभग पूरा कर लिया गया है, साथ ही भरे हुए गणना पत्रक का डिजिटाईजेशन कार्य भी किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार अब उन मतदाताओं की लिस्ट तैयारी की जा रही है, जिनके गणना पत्रक किन्हीं कारणों से जमा नहीं हुए हैं। इनमें अनुपस्थित मिलने या स्थानांतरित होने एवं डुप्लीकेट तथा मृत हो चुके लोग शामिल हैं जिनका फार्म जमा नहीं हो पाया है। ऐसे मतदाताओं की लिस्ट तैयार कर मतदान केन्द्रों या पंचायत भवनों में तथा नगरीय निकाय कार्यालयों में चस्पा किया जाएगा ताकि उस पर दावा-आपत्ति की जा सके। इस लिस्ट को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए बूथ लेवल एजेंट बीएलए के साथ साझा करने कहा गया है ताकि यदि कोई मतदाता किसी भी कारण से गणना पत्रक जमा नहीं कर पाया है तो वह भी गणना पत्रक निर्धारित तिथि तक जमा कर सके।

### 12 लाख 72 हजार 549 मतदाताओं के फार्म जमा

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत घर-घर मतदाताओं के सत्यापन की तिथि को बढ़ाकर 11 दिसंबर तक कर दिया है। जिले में कुल 16 लाख 75 हजार 737 मतदाता हैं। इनमें से अब तक बीएलओ द्वारा 12 लाख 72 हजार 549 मतदाताओं से गणना फार्म भराए जा चुके हैं। इसमें बिलासपुर विधानसभा में 152446, कोटा विधानसभा में 193745, तखतपुर विधानसभा में 213907, बिल्हा विधानसभा में 259319, बेलतरा विधानसभा में 189412 तथा मस्तूरी विधानसभा में 263720 मतदाताओं के गणना फार्म जमा होने के बाद डिजिटाईजेशन भी हो गया है।

### बढ़ाई गई है तिथि

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर तहत मतदाताओं के सत्यापन, गणना फार्म भराने के लिए 11 दिसंबर तक तिथि बढ़ा दी है। अभी तक गणना फार्म जमा होने के बाद 75 प्रतिशत डिजीटाईजेशन का काम भी हो गया है। एसआईआर दौरान बड़ी संख्या में मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं, किन्तु अभी फाइनल डाटा आना बाकी है।

-एस बनर्जी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी

---

# अफोर्डेबल हाउसिंग में रोड़ा बना ईडब्ल्यूएस मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जरूरतमंद लोगों को सस्ते प्लॉट एवं मकान उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा अफोर्डेबल हाउसिंग का कांसेप्ट तो लाया गया है, लेकिन शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में नए कांसेप्ट के अंतर्गत स्वीकृति लेने वाले प्रोजेक्ट में ईडब्ल्यूएस वालों के लिए कितनी जगह छोड़नी है, इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है। ऐसे में विभाग ईडब्ल्यूएस के लिए जारी पुरानी शर्तों को ही यथावत मानकर चल रहा है।

■ नए निर्देशों में ईडब्ल्यूएस के लिए कोई दिशा-निर्देश नहीं

अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए शासन द्वारा जारी गाईडलाईन में ईडब्ल्यूएस का कोई उल्लेख नहीं होना इस योजना की गति को धीमी कर रहा है। शासन द्वारा जारी गाईडलाईन में गार्डन, प्लॉट व मकानों की संख्या, कुल भूमि का रकबा, गार्डन का रकबा उल्लेखित है। इसके विपरीत ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए कुल भूमि का कितना प्रतिशत हिस्सा छोड़ना है, या नहीं छोड़ना है, इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है। ऐसे में न केवल कॉलोनाईजरों, बल्कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों में भी फिलहाल कंफ्यूजन बना हुआ है।

कॉलोनाईजर विभाग में नई नीतियों को समझने के लिए पहुंच तो रहे हैं, लेकिन अधिकारी ईडब्ल्यूएस का नाम सुनते ही कोई ठोस जवाब देने की हालत में नहीं है। ऐसे में विभाग द्वारा फिलहाल पहले की तरह ही कालोनियों में ईडब्ल्यूएस का प्रतिशत रखते हुए प्रकरण आगे भेजे जा रहे हैं। यही कारण है कि कॉलोनाईजरों द्वारा फिलहाल शासन से गाईडलाईन में संशोधन होने तक का इंतजार किया जा रहा है।

### गार्डन के लिए अब दस की बजाए पांच प्रतिशत

पुराने नियमों के अनुसार प्रस्तावित कालोनियों में गार्डन के लिए कुल भूमि का दस प्रतिशत हिस्सा गार्डन के लिए छोड़ने की बाध्यता रखी गई थी। इसके विपरीत नए अफोर्डेबल हाउसिंग के अंतर्गत गार्डन के लिए छोड़ी जाने वाली भूमि को कुल प्लॉट का पांच प्रतिशत ही निर्धारित किया गया है। ऐसे में कॉलोनाईजर के पास गार्डन के लिए छोड़ी जाने वाली भूमि में से पांच प्रतिशत भूमि में और अधिक प्लॉट बेच सकेंगे। जब कॉलोनाईजर को लाभ होगा तो ऐसी स्थिति में कॉलोनाईजर द्वारा प्लॉट के रेट कम करके इसका लाभ आम जनता को भी दिया जा सकेगा।

### राजपत्र को पढ़ा जाए

शासन द्वारा जो भी नियम बनाए गए हैं सारे राजपत्र मे उल्लेखित हैं। इसे ही पढ़ा जाए।

-भानुप्रताप सिंह पटेल, प्रभारी संयुक्त संचालक टाऊन प्लानिंग विभाग

---

# प्रदेश के 1 लाख आउटसोर्स कर्मी 28 को करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में सरकारी विभागों में कार्यरत एक लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मी राज्य सरकार के खिलाफ 28 दिसंबर को आंदोलन करेंगे। इसमें सभी आउटसोर्स कर्मियों की सेवा नियमित करने के साथ ही आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने की मांग की जाएगी।

■ कर्मचारी वर्षोंसे हो रहे शोषण का शिकार

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन की ओर से कहा गया है कि क्लास-3 और 4 में सेवाएं दे रहे इन कर्मचारियों को न तो समान काम के लिए समान वेतन मिल रहा है और न ही पीएफ, ग्रेच्युटी जैसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ। इसी कारण प्रदेश में सौ से अधिक एजेंसियों के माध्यम से नियुक्त ये कर्मचारी वर्षों से शोषण का शिकार हो रहे हैं। लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियमितीकरण से वंचित रखना सुप्रीम कोर्ट के उमा देवी केस के फैसले के भी विपरीत है। कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं मिल रही। दूसरी ओर राज्य सरकार हर साल लगभग 276 करोड़ रुपए केवल जीएसटी और एजेंसी शुल्क के रूप में खर्च कर रही है। प्रदेश में श्रम संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और औद्योगिक संबंध संहिता के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा।

---

# सूने मकान में चोरों का धावा, 3 लाख के जेवर व नकद चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वीआईपी सिविल लाइन क्षेत्र में एक बार फिर चोर गिरोह ने आतंक मचाते हुए एक सूने मकान में धावा बोलकर 3 लाख के सोने चांदी के जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली। पुलिस चोरों का सुराग तक नहीं लगा पाई है।

■ सिविल लाइन क्षेत्र में चोर मचा रहे आतंक

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला गीतांजली पार्क निवासी अनिल कुमार निर्मलकर पिता इंद्रकुमार निर्मलकर 3 दिसंबर को सुबह 7.30 बजे अपने मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार को लेकर दशगात्र में शामिल होने महासमुंद चले गए थे। इसी दौरान चोर सूने मकान का फायदा उठाते हुए ताला तोड़कर अंदर घुसे और पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमका, एक अंगूठी, 4 जोड़ी पायल, दो चेन, बाजूबंद, कमरबंद व 15 हजार रुपए नकद सहित तीन लाख का सामान चोरी कर लिया। 5 दिसंबर की शाम 5.30 बजे वे परिवार सहित घर लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। घर के अंदर सामान अस्त व्यस्त थे और आलमारी से जेवर व नकद रकम की चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री निर्मलकर की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### गिनती के गश्त पाइंट

सिविल लाइन क्षेत्र में चोर गिरोह जमकर आतंक मचा रहे हैं। पूर्व में अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट, उसलापुर गुलमोहर कालोनी, मंगला चौक नंद विहार कालोनी में बड़ी चोरी की वारदात हो चुकी है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।





